दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



रंगीन में दिखेगी ....

पुरुष एक्टर्स की मांग पर ...

वर्ष : 11 | अंक : 210 | लखनऊ, 17 जुलाई, गुरूवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर मंत्रियों ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य सरकार के मंत्रियों ने मंगलवार को प्रदेश के बाढ़ प्रभावित जिलों में राहत कार्यों की समीक्षा की। राज्य सरकार द्वारा यहां जारी एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री के निदेशों का पालन करते हुए जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मंगलवार को चित्रकूट और बांदा तथा उनके विभाग के राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने ललितपुर के विभिन्न बाढ़ प्रभावित एवं अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर राहत, बचाव एवं पुनर्वास व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बयान के अनुसार, स्वतंत्र देव सिंह ने चित्रकूट के रामघाट पहुंचकर बाढ़ प्रभावित दुकानदारों, व्यापारियों और किसानों से बातचीत की। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि प्रत्येक क्षतिग्रस्त दुकान, प्रतिष्ठान और मकान का समुचित सर्वेक्षण कर रिपोर्ट शासन को भेजी जाए, ताकि प्रभावित लोगों को राहत राशि तत्काल उपलब्ध कराई जा सके। मंत्री ने बांदा जिले के चिल्लाघाट स्थित मदनपुर पंप नहर तट से यमुना नदी के जल प्रवाह का निरीक्षण किया और अधिकारियों से तहसील पैलानी एवं सदर क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि यमुना और केन नदियों के जलस्तर पर सतत नजर रखी जाए। उन्होंने नदियों के कटाव वाले स्थानों की पहचान कर संरक्षण कार्य समय से पूर्ण करने, राहत एवं बचाव के लिए नाविकों, मोटरबोट और आपदा सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा लोगों को समय पर अलर्ट जारी करने के निर्देश दिए।

## ब्राह्मणों में पैठ बनाए रखने की कसरत में जुटी भाजपा

### उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने संभाली कमान

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



राज्य ब्यूरो, लखनऊ। प्रदेश में सज रही चुनावी बिसात पर भाजपा ने अन्य जातियों को साधने के साथ ब्राह्मणों में भी पैठ बनाए रखने को कसरत तेज कर दी है। सरकार का ब्राह्मण चेहरा कहे जाने वाले उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक इसकी कमान संभाले हुए हैं।

सपा मुखिया अखिलेश यादव सहित अन्य विरोधियों के वार पर पलटवार करने के साथ सजातीय नेताओं संग नियमित संवाद की कसरत चल रही है। इससे पहले वह बसपा की सोशल इंजीनियरिंग में ब्राह्मण समाज का समर्थन पाने में भी भूमिका निभा चुके हैं। आगामी विधानसभा चुनाव और उससे पहले होने वाले पंचायत चुनावों के लिए ब्राह्मण वोट बैंक में हिस्सेदारी की भी होड़ मची है। पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा को बड़ा झटका लगा था। भाजपा 33 सीटों तक सिमट गई थी, जबकि सपा ने 37 सीटों पर जीत हासिल की थी। भाजपा के नुकसान के लिए विरोधियों के आरक्षण वाले दांव के साथ ब्राह्मणों की नाराजगी को भी एक वजह माना गया था। अब आगामी चुनावों के लिए पीडीए का नारा बुलंद करने वाली सपा की निगाह ब्राह्मणों पर भी टिकी है। ऐसे में भाजपा भी कोई जोखिम लेने के तैयार नहीं। विरोधियों के हर दांव की काट की रणनीति पर काम हो रहा है। मंगलवार को उप मुख्यमंत्री अपने आवास पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की साधारण सभा में शामिल हुए।

## कानपुर में ट्रक चालक को लूटने के आरोप में 11 पुलिसकर्मी निलंबित

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



कानपुर , कानपुर में मवेशियों से भरे एक ट्रक के चालक और सहायक को लूटने के आरोप में पांच हेड कांस्टेबल समेत 11 पुलिसकर्मियों को मंगलवार को निलंबित कर दिया गया। अपर पुलिस उपायुक्त (दक्षिणी) योगेश कुमार ने बताया कि गत शनिवार को आरोपी पुलिसकर्मियों ने कथित तौर पर एक ट्रक का पीछा किया और चालक लक्ष्मण एवं उसके सहायक मोहम्मद उजैर को हर पुलिसकर्मी को 500-500 रुपये देने के लिए मजबूर किया। उन्होंने बताया कि आरोप लगाया गया है कि ऋषि राजन, हरिओम और अतुल सचान सहित सभी आरोपी पुलिसकर्मियों ने लक्ष्मण उर्फ लकी और उजैर के साथ मारपीट की, उनकी आंखों पर डंडे से वार किया और 10,000 रुपये नकदी भी लूट ली। अधिकारियों ने बताया कि जिन पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है, उनकी पहचान ऋषि राजन, अमीर हसन, प्रदीप कुमार, अजय कुमार यादव और आनंद कुमार (सभी हेड कांस्टेबल) और कांस्टेबल हरिओम, अतुल सचान, सोनू यादव, उमा शंकर दीक्षित, महिला कांस्टेबल रिंकी रानी और आराधना के रूप में हुई है। एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि मवेशियों से भरा एक ट्रक सारसौल से रामादेवी-भुंती राजमार्ग होते हुए अलीगढ़ जा रहा था और वह बर्रा राजमार्ग पर पहुंचा ही था कि पुलिस दल ने उसे रोक लिया।

बयान के अनुसार, बाद में हनुमंत विहार थाने से जुड़ी कुछ और पुलिस गाड़ियां वहां पहुंचीं और पुलिसकर्मियों ने पुलिस कार्रवाई की धमकी देते हुए धन की मांग की। बयान में बताया गया कि जब चालक और उसके सहायक ने रिश्वत देने से इनकार कर दिया तो पुलिसकर्मियों ने उजैर एवं लक्ष्मण को वाहन से बाहर निकाला और उनकी पिटाई की।

पीड़ितों के खिलाफ पशु क्रूरता के आरोप में एक प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। अधिकारियों ने बताया कि उजैर और लक्ष्मण ने अपना एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा कर दिया जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच शुरू की।

### मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 42.c |
| न्यूनतम तापमान | 29.c |

### बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 82,530.74 |
| निफ्टी | 25,062.10 |

## केंद्र के ओडीओपी कार्यक्रम में वायनाड कॉफी का विशेष उल्लेख: प्रियंका गांधी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा ने कहा है कि इस पहाड़ी जिले की जीआई टैग वाली रोबस्टा कॉफी का केंद्र के एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) कार्यक्रम में विशेष उल्लेख किया गया है जो केरल के किसी उत्पाद को ऐसी पहली मान्यता है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में दावा किया, वायनाड कॉफी को भारत सरकार के ओडीओपी कार्यक्रम में श्रेणी ए कृषि के तहत एक विशेष उल्लेख प्राप्त हुआ है। यह केरल के किसी भी उत्पाद को मिली इस तरह की पहली मान्यता है। उन्होंने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, यह सम्मान वायनाड के किसानों के समर्पण और वायनाड की अर्थव्यवस्था के एक स्तंभ, हमारी जीआई-टैग वाली रोबस्टा कॉफी की विशिष्ट पहचान का जश्न मनाता है। प्रियंका ने कहा, आइए हम अपनी धरती की समृद्धि और इसके लोगों की भावना का सम्मान करें। एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) पहल का उद्देश्य प्रत्येक ज़िले से एक अनूठे उत्पाद का चयन, ब्रांडिंग और प्रचार करके पूरे भारत में संतुलित क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देना है।

## एक साथ हुआ 7 लोगों की जिंदगी का दर्दनाक अंत

### जम्मू कश्मीर के डोडा हादसे की कहानी रूंह कंपाने देने वाली

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, जम्मू-कश्मीर के डोडा में चिनाब घाटी के बार कुछ ही पलों में शांत सड़क पर तेज-तेज से चीख पुकार मच गये। स्थानीय लोग घरों से बाहर निकले और देखा कि एक बेहद दर्दनाक हादसा हो गया था। एक टेंपों ट्रैवलर खाई में गिर गया था। साथ ही मौके पर 7 लोगों की मौत भी हो गयी थी। इशके अलावा घायल लोग कुछ सड़क के किनारे पड़े थे तो कुछ खाई में खुद को बचाने की कोशिश कर रहे थे। ये हादसा बेदल दर्दनाक था। आइये जानके है पूरी अपडेट क्या है-



#### यात्री वाहन के खाई में गिरने से सात लोगों की मौत

डोडा जिले में मंगलवार को एक यात्री वाहन के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर जाने से एक महिला और एक नाबालिग लड़की समेत सात लोगों की मौत हो गई जबकि 17 अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि वाहन में उसकी क्षमता से अधिक लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना डोडा शहर से करीब 30 किलोमीटर दूर पोंडा के पास डोडा-भर्थ मार्ग पर हुई। अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब नौ बजे टेंपो ट्रैवलर के चालक ने डोडा-भर्थ मार्ग के एक मोड़ पर वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे यह हादसा हो गया।

#### बचावकर्मियों ने 17 घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाया

अधिकारियों के मुताबिक मोहम्मद अशरफ (35), मंगता वानी (51), अत्ता मोहम्मद (33), तालिब हुसैन (35) और रफीका बेगम (60) को डोडा के सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। जबकि पांच वर्षीय उज्मा जान और शकूर दीन (30) ने जम्मू के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि बचावकर्मियों ने 17 लोगों को अस्पताल पहुंचाया और उनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

#### वाहन में क्षमता से अधिक लोग सवार थे

वाहन के खाई में गिरते ही स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और बाद में पुलिस तथा अन्य सुरक्षा एजेंसियों के कर्मचारी भी वहां आए।

### संक्षिप्त समाचार

## पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव ने हिंदी समेत 17 भाषाएं सीखीं: नायडू

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, जारी बहस के बीच, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने मंगलवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिंह राव को हिंदी सहित 17 भाषाओं का ज्ञान था। पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिंह राव का जीवन और विरासत विषय पर व्याख्यान देते हुए नायडू ने उन्हें एक महान राजनेता और दूरदर्शी व्यक्ति के रूप में याद किया, जिन पर तेलुगु समुदाय को गर्व है। नायडू ने कहा कि उनके और राव के बीच बहुत अच्छे संबंध थे। नायडू ने राव का ज़िक्र करते हुए कहा, वह एक छात्र नेता, एक स्वतंत्रता सेनानी और 17 भाषाओं में पारंगत विद्वान थे। उन्होंने कहा, अब हम सब बात कर रहे हैं कि आपको हिंदी क्यों सीखनी चाहिए? उन्होंने न केवल हिंदी का ज्ञान लिया बल्कि 17 भाषाएं सीखी। इस तरह वे एक महान व्यक्ति बन गए हैं।

## असम के डिब्रूगढ़ में हाइड्रोकार्बन मिला : मुख्यमंत्री शर्मा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कहा कि ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) ने डिब्रूगढ़ जिले में नामरूप बोरहाट-1 कुएं में हाइड्रोकार्बन की खोज की है, जिसमें राज्य सरकार की अहम हिस्सेदारी है। मुख्यमंत्री ने इस खोज को ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक लचीलेपन की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। शर्मा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ऑयल इंडिया लिमिटेड ने नामरूप बोरहाट-1 कुएं में हाइड्रोकार्बन की मौजूदगी पाई है, इसमें असम सरकार की अहम हिस्सेदारी है।

## मैं निर्दोष हूं...छांगुर बाबा-नसरीन को मेडिकल जांच के लिए लाया गया

### पहली बार मीडिया के सामने खोली जुबान

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



बलरामपुर, उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर धर्मांतरण रैकेट के कथित मास्टरमाइंड जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा ने आरोपों पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। छांगुर बाबा ने कहा कि मैं निर्दोष हूँ। मुझे कुछ नहीं पता। उन्हें और उनकी सहयोगी नसरीन को मेडिकल जाँच के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से ले जाया जा रहा है। छांगुर बाबा धर्मांतरण मामले में उत्तर प्रदेश के बलरामपुर निवासी स्वयंभू आध्यात्मिक गुरु जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा शामिल हैं, जिन पर बड़े पैमाने पर अवैध धर्मांतरण रैकेट चलाने का आरोप है। उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) द्वारा उसकी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन के साथ गिरफ्तारी के बाद यह मामला काफी सुर्खियों में आया। जाँच से एक व्यापक नेटवर्क का पता चला है जो कथित तौर पर कमजोर व्यक्तियों, खासकर हिंदू महिलाओं और नाबालिगों को धोखे, भावनात्मक हेरफेर और वित्तीय प्रलोभनों के जरिए इस्लाम धर्म अपनाने के लिए बहकाने और मजबूर करने में शामिल है।

आरोपों का एक महत्वपूर्ण पहलू व्यापक वित्तीय लेन-देन है। एटीएस और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जाँच से पता चला है कि छांगुर बाबा और उसके सहयोगियों से जुड़े लगभग 40 बैंक खातों में विदेशी स्रोतों, खासकर खाड़ी देशों और संभवतः पाकिस्तान से, से कथित तौर पर 500 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा की गई थी। ऐसा संदेह है कि इन निधियों का उपयोग धर्मांतरण कार्यों के वित्तपोषण के लिए किया गया है, जिसमें धर्मांतरित होने वाले व्यक्ति की जाति के आधार पर एक ?निश्चित प्रोत्साहन संरचना? दी गई है, जो कथित तौर पर अन्य जातियों के लिए 8-10 लाख रुपये से लेकर ब्राह्मण, सिख या क्षत्रिय महिलाओं के लिए 15-16 लाख रुपये तक है।

इसके अलावा, छांगुर बाबा पर बलरामपुर और पुणे में 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की अवैध संपत्ति अर्जित करने का आरोप है, जिनमें से कुछ कथित तौर पर बिना उचित मंजूरी के सरकारी जमीन पर बनाई गई थीं। बलरामपुर में उनकी आलीशान हवेली, जो कथित तौर पर धर्मांतरण परामर्श और गतिविधियों का केंद्र हुआ करती थी, को ज़िला प्रशासन ने बड़े पैमाने पर ध्वस्त कर दिया है। अधिकारियों को छांगुर द्वारा स्वयं प्रकाशित शिजर-ए-तैय्यबा नामक एक विवादास्पद ग्रंथ भी मिला है, जिसका कथित तौर पर ब्रेनवॉश और धर्म-प्रचार के लिए इस्तेमाल किया गया था।

## पिथौरागढ़ के थल में जीप के खाई में गिरने से आठ लोगों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

पिथौरागढ़ , उत्तराखंड में पिथौरागढ़ जिले के थल क्षेत्र में मंगलवार को एक जीप के गहरी खाई में गिर जाने से उसमें सवार आठ लोगों की मौत हो गयी और पांच अन्य घायल हो गए। राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस दुर्घटना पर दुख जताया तथा पीड़ितों के परिजन को आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। थल के पुलिस थाना प्रभारी शंकर सिंह रावत ने बताया कि यह दुर्घटना मुवानी के सुनी गांव में हुई जहां बोक्टा गांव जा रही जीप अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। रावत ने बताया कि दुर्घटना में आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस और राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) की टीम घटनास्थल पर पहुंचीं और स्थानीय लोगों की मदद से बचाव एवं राहत कार्य शुरू किया। रावत ने बताया कि घायलों को खाई से निकालकर मुवानी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिथौरागढ़ के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी भूपेंद्र सिंह महर ने बताया कि मृतकों के शवों को खाई से निकाल लिया गया है।

## भाजपा के भ्रष्टचार के कारण बर्बाद हो रही है सार्वजनिक व्यवस्था : राहुल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मानसून में हुए कुछ पुल हादसों तथा अन्य बड़ी दुर्घटनाओं का हवाला देते हुए मंगलवार को आरोप लगाया कि लोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के भ्रष्टाचार के कारण बर्बाद होती सार्वजनिक व्यवस्था का दंश झेल रहे हैं।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, मानसून आया और साथ ही आपके टैक्स के पैसे भी बहा ले गया, भाजपा के भ्रष्टाचार की गंदगी में। हर बार जब कोई पुल गिरता है, हर बार जब कोई सड़क बह जाती है, हर बार जब कोई ट्रेन पटरी से उतरती है समझ लीजिए, ये सिर्फ.निर्माण की असफलता नहीं, ये आपकी जेब से एक संगठित लूट है। उन्होंने कहा कि हर बार जब हादसे में किसी के प्रिय की जान जाती है और कोई ज़िम्मेदार नहीं ठहराया जाता, तो वो दुर्घटना नहीं, हत्या होती है। उन्होंने हाल की कुछ प्रमुख दुर्घटनाओं का हवाला देते हुए कहा, हर दिन, हर साल भारत के छोटे गांव से लेकर बड़े शहर तक लोग इस बर्बाद होती सार्वजनिक व्यवस्था का दंश झेल रहे हैं। उन्होंने कहा, अब सरकार से जवाब मांगने का वक्त आ गया है। इनकी नाकामी की जवाबदेही तय करने का और उसके नतीजों की ज़िम्मेदारी लेने को मजबूर करने का समय है।

## झारखंड के बोकारो में मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

### CRPF का एक जवान भी हुआ शहीद

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, झारखंड के बोकारो जिले में बुधवार सुबह सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को ढेर कर दिया और इस दौरान केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की भी जान चली गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गोमिया थाना क्षेत्र के बिरहोर डेरा जंगल में सुबह करीब साढ़े पांच बजे सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। बोकारो जोन के पुलिस महानिरीक्षक क्रांति कुमार गडीदेसी ने बताया, सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ के दौरान दो नक्सलियों को मार गिराया। सीपीआरएफ की कोबरा बटालियन के एक जवान की भी मुठभेड़ में जान चली गई। बोकारो के पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि मुठभेड़ के बाद इलाके में तलाश अभियान जारी है।



इससे पहले (21 अप्रैल, 2025) को बोकारो ज़िले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और झारखंड पुलिस की संयुक्त टीम के साथ हुई मुठभेड़ में प्रतिबंधित समूह के एक शीर्ष नेता समेत आठ संदिग्ध माओवादी मारे गए थे, जिन पर ?1 करोड़ का इनाम था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पर लिखा था नक्सलवाद के खात्मे की हमारी मुहिम निरंतर जारी है। आज सुरक्षा बलों को नक्सलवाद के खात्मे के लिए चल रहे अभियान में एक और बड़ी कामयाबी मिली। झारखंड के बोकारो में लुगु हिल्स में हुई मुठभेड़ में 8 माओवादी मारे गए, जिनमें एक शीर्ष नक्सली नेता विवेक, जिस पर 1 करोड़ का इनाम था, और दो अन्य कुख्यात नक्सली शामिल हैं। अभियान जारी है। हमारे सुरक्षा बलों की सराहना करें। सीआरपीएफ के एक अधिकारी ने बताया कि सीआरपीएफ की 209 कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन (कोबरा) के कमांडो ने राज्य पुलिस के साथ मिलकर अभियान चलाया, जिसमें आठ नक्सली मारे गए और एक एके सीरीज राइफल, तीन इंसास राइफल, एक सेल्फ लोडिंग राइफल (एसएलआर), आठ देशी बंदूकें और एक पिस्तौल जब्त की गई।

## पुराने वाहनों के निस्तारण पर जांच के आदेश देने की तैयारी में दिल्ली सरकार

### मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दिया संकेत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली में भले ही सरकार ने पुराने वाहनों के लिए लगाया गया ईंधन प्रतिबंध हटा दिया हो लेकिन अभी क्लाइमेक्स का आना बाकि है। माना जा रहा है कि दिल्ली सरकार जल्द ही पुराने वाहनों पर लगाम कसने की तैयारी में हैं। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पिछली आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के कार्यकाल के दौरान मियाद पूरी कर चुके वाहनों को हटाने की जांच शुरू करने की योजना बना रही है।

#### पुराने वाहनों के निस्तारण पर जांच

मंत्री ने कहा कि कई मामलों में उचित प्रक्रियाओं का पालन नहीं किए जाने के आरोपों के बीच औपचारिक जांच का आदेश दिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, कई वाहन मालिकों ने शिकायत दर्ज कराई है कि उन्हें जब्त किए गए वाहनों का कबाड़ मूल्य नहीं दिया गया, जबकि सरकारी निर्देशों में ऐसा मुआवजा देना अनिवार्य है। जांच में यह भी पता लगाया जाएगा कि क्या इनमें से कुछ वाहनों को अवैध रूप से दूसरे राज्यों में ले जाया गया था। सिरसा ने कहा कि संपूर्ण निपटान प्रक्रिया में संभावित चूक, कुप्रबंधन और अनियमितताओं की जांच की जाएगी।

#### भारत में वाहन स्क्रैपेज नीति 2021

वाहन स्क्रैपेज नीति, पुराने और अनुपयुक्त वाहनों को स्क्रैप करके उनकी जगह भारतीय सड़कों पर आधुनिक और नए वाहन लाने हेतु सरकार द्वारा वित्त पोषित एक कार्यक्रम है। इस नीति का प्राथमिक लक्ष्य देश में कम कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अनुपयुक्त और प्रदूषणकारी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने हेतु एक पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना है।

## युवक की मौत से गुस्साए परिजनों ने किया हाईवे जाम...

### नगर निगम ने चार लाख की सहायता देकर शांत कराया मामला......

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। पीजीआई थाना क्षेत्र के वृंदावन कॉलोनी सेक्टर-9 में मंगलवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोहनलालगंज के गोपाल खेड़ा निवासी युवक अनुज की मौत हो गई हादसे से आक्रोशित परिजनों ने बुधवार को शव को हाईवे पर रखकर जाम लगा दिया जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई सूचना मिलते ही प्रशासन और नगर निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया अधिकारियों की पहल पर मृतक परिवार को तत्काल चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी गई जिसके बाद जाम हटवाकर स्थिति सामान्य कराई गई।



मौके पर एसीपी रजनीश वर्मा, एसडीएम अंकित शुक्ला, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार व नगर निगम के जोनल अधिकारी पहुंचे उन्होंने परिजनों से बातचीत कर स्थिति संभाली और निगम की ओर से चार लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की साथ ही पांच लाख की अतिरिक्त सहायता हेतु मुख्यमंत्री राहत कोष से संस्तुति भेजी गई है नगर निगम ने डूडा योजना के तहत पीड़ित परिवार को आवास उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है यदि परिवार रोजगार की मांग करता है तो योग्यता के आधार पर नौकरी की व्यवस्था भी की जाएगी नगर निगम के अनुसार मंगलवार को उद्यान विभाग की टीम क्षेत्र में वृक्षों की छंटाई कर रही थी यह कार्य स्थानीय नागरिकों की शिकायत के आधार पर किया जा रहा था और मौके पर बैरिकेडिंग व सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा था इसी दौरान अनुज की बाइक लगभग 50 मीटर पहले फिसल गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई नगर निगम ने दिखाई संवेदनशीलता मुकदमा भी दर्ज नगर निगम के अधिकारियों अपर नगर आयुक्त ललित कुमार उद्यान अधीक्षक शशिकांत शशि और जोनल अधिकारी अजीत राय ने अनुज के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की और सहायता की प्रक्रिया पूरी की पीजीआई इंस्पेक्टर धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि मामले में नगर निगम के अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है इस दुखद घटना के बाद नगर निगम लखनऊ द्वारा दिखाई गई त्वरित मानवीय संवेदनशीलता और सहायता की क्षेत्रवासियों ने सराहना की है निगम ने स्पष्ट किया है कि घटना में विभागीय लापरवाही नहीं थी, फिर भी मानवता के नाते परिवार को हर संभव मदद दी जा रही है।

## एक पेड़ मां के नाम को महेश प्रसाद डिग्री कॉलेज ने आगे बढ़ाते हुवे पर्यावरण दिवस पर किया वृक्षारोपण, छात्रों ने अपनी मां के नाम लगाए पौधे

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज के बिन्दौआ स्थित श्री महेश प्रसाद डिग्री कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक विशेष और भावनात्मक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम की थीम एक पेड़ मां के नाम रखी गई, जिसने विद्यार्थियों और शिक्षकों के दिलों को छू लिया कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह और समर्पण के साथ अपनी मां के सम्मान में एक-एक पौधा लगाकर न केवल पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया, बल्कि अपनी भावनाओं को हरियाली के माध्यम से प्रकट किया। पौधारोपण करते समय कई विद्यार्थियों की आंखें नम थीं, वहीं कुछ छात्रों ने अपनी मां की तस्वीर लेकर पेड़ लगाया, जिससे माहौल अत्यंत भावुक हो उठा।कॉलेज



की प्राचार्या डॉ. श्री प्रकाश एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अर्चना सिंह ने भी कार्यक्रम में भाग लेते हुए वृक्षारोपण किया दोनों ने ह्यएक पेड़ मां के नामह्न का विचार न केवल अनूठा बताया बल्कि इसे सामाजिक चेतना की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम बताया डॉ. श्री प्रकाश ने कहा, वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं जब हम इन्हें अपनी मां के नाम समर्पित करते हैं तो यह केवल पौधा नहीं रहता, यह एक भावना एक कृतज्ञता का प्रतीक बन जाता है छात्रों की यह भागीदारी समाज के लिए भी प्रेरणादायी है कार्यक्रम अधिकारी अर्चना सिंह ने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य ही सामाजिक जागरूकता और जिम्मेदारी है इस अभियान के माध्यम से छात्र भावनात्मक रूप से भी जुड़ रहे हैं और पर्यावरण की रक्षा के लिए जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं।कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में छात्रों ने भाग लिया और नीम, अमलतास, गुड़हल, अर्जुन, अमरूद, सहजन, बेल, आंवला जैसे पौधे लगाए गए। साथ ही, कॉलेज परिसर में लगाए गए पौधों की नियमित देखरेख के लिए छात्रों की एक टीम गठित की गई है, जो इनके संरक्षण और विकास की निगरानी करेगी कार्यक्रम के अंत में कॉलेज प्रशासन की ओर से सभी विद्यार्थियों को वृक्षारोपण प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया पर्यावरण और भावनाओं के संगम से सजा यह आयोजन न सिर्फ कॉलेज परिसर को हरा-भरा करेगा, बल्कि विद्यार्थियों के जीवन में भी हरियाली और संवेदनशीलता भरने का काम करेगा।

## मोहनलालगंज पुलिस ईमानदारी की मिसाल बनी, गुम हुए मोबाइल लौटाए, लौटाई मुस्कान



**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज । मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से गुम हुए मोबाइल फोन पुलिस ने बरामद कर उनके असली मालिकों को सौंप दिए वर्षों से खोए फोन वापस मिलने पर लोगों के चेहरे पर फिर से मुस्कान लौट आई एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा के कुशल निर्देशन और प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में यह सराहनीय कार्य किया गया इस कार्रवाई को आरक्षी रवि सिंह ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अंजाम दिया मोबाइल फोन सुपुर्दगी के दौरान एसीपी रजनीश वर्मा और प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह स्वयं उपस्थित रहे उन्होंने सभी फोन उनके असली मालिकों को विधिवत प्रक्रिया के तहत सौंपे। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि गुमशुदा मोबाइल की तलाश के लिए लगातार प्रयास किया गया सर्विलांस, कटएक ट्रैकिंग और साइबर सेल की मदद से मोबाइलों का लोकेशन ट्रेस किया गया जिसके आधार पर 12 फोन अलग-अलग स्थानों से बरामद किए गए फोन पाकर लोगों ने मोहनलालगंज पुलिस की ईमानदारी और मेहनत की सराहना की पुलिस ने भी आम जनता से अपील की है कि मोबाइल गुम हो जाने की स्थिति में तत्काल स्थानीय थाने में रिपोर्ट दर्ज कराएं, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके इस तरह की जिम्मेदार और जनहितकारी पहल से पुलिस और जनता के बीच विश्वास मजबूत हो रहा है।

## मंदिर हमारी आस्था, संस्कृति के गौरव और सामाजिक सद्भाव के केंद्र - डॉ. राजेश्वर सिंह

**सरोजनीनगर का प्राचीन जल साईंनाथ मंदिर बनेगा पर्यटन केंद्र : विधायक राजेश्वर सिंह के प्रयासों से स्वीकृत हुई 1 करोड़ की धनराशि**

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। भगवान भोलेनाथ की आराधना को समर्पित पवित्र श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर सरोजनीनगर को एक विशेष सौगात मिली है। क्षेत्र के परवर पश्चिम स्थित ऐतिहासिक व आध्यात्मिक महत्व वाले श्री महादेव जलसाईंनाथ शिवधाम महादेवन के सौंदर्यीकरण एवं पर्यटन विकास के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 1 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।



यह निर्णय सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा दिनांक 23 अप्रैल 2025 को प्रदेश के पर्यटन मंत्री को लिखे गए पत्र के आधार पर लिया गया। इस पत्र में उन्होंने जल साईंनाथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा प्रस्तुत मांग के क्रम में मंदिर को पर्यटन विभाग की सूची में शामिल करने, मंदिर प्रांगण में स्थित झील के सौंदर्यीकरण, बैरीकेडिंग एवं अन्य संरचनात्मक विकास कार्यों के लिए आग्रह किया था।

परवर पश्चिम में स्थित यह मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि वर्षों से क्षेत्रवासियों की अपेक्षाओं का प्रतीक भी रहा है। स्थानीय नागरिक लंबे समय से इसके समुचित विकास और संरक्षण की मांग कर रहे थे। अब इस पहल से न केवल मंदिर परिसर का कायाकल्प होगा, बल्कि सरोजनीनगर को पर्यटन मानचित्र पर भी विशेष स्थान मिलेगा। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश सिंह सोमवंशी ने इस ऐतिहासिक स्वीकृति के लिए विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, ह्लयह केवल एक मंदिर का विकास नहीं, बल्कि क्षेत्रवासियों के वर्षों पुराने सपनों का साकार रूप है ह्व स्थानीय नागरिकों ने भी विधायक डॉ. सिंह के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस पहल से सरोजनीनगर की सांस्कृतिक, धार्मिक और आर्थिक संभावनाओं को नई दिशा मिलेगी।

### धार्मिक स्थलों पर सुविधाओं के विकास का सतत अभियान :

डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में सरोजनीनगर में धार्मिक स्थलों के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। मंदिर केवल आस्था के केंद्र नहीं, बल्कि संस्कृति के गौरव और सामाजिक सद्भाव के प्रतीक हैं। अब तकः

1. उरफ फंड के माध्यम से 125 मंदिरों में सोलर लाइट, बेंच और हैंडपंप की स्थापना।
2. 26 मंदिरों के पुनर्निर्माण/सौंदर्यीकरण हेतु आर्थिक सहयोग
3. रेतेश्वर मंदिर के लिए ?5.33 करोड़, और झाड़ेश्वर शिव मंदिर के लिए 1.00 करोड़ की शासन से स्वीकृति

विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा ये प्रयास श्रद्धालुओं की सुविधा, पर्यावरणीय संरक्षण और क्षेत्र में आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ लगातार जारी हैं।

## परिवार ने किया इनकार पुलिस ने कराया अंतिम संस्कार.....

**महिला की ट्रेन से कटकर मौत के परिजनों ने शव को लेने से किया मना***

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार देर शाम एक दर्दनाक हादसे में महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई वहां पर मौजूद राहगीरों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि रेलवे ट्रैक पर एक महिला का शव पड़ा है सूचना मिलते ही मोहनलालगंज पुलिस तत्काल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की मृतका की 40 वर्षीय पहचान सुनीता पुत्री बंशीराम निवासी डांडा सिकंदरपुर के रूप में हुई प्रारंभिक जांच के बाद शव को विधिक कार्रवाई हेतु पोस्टमार्टम के लिए केजीएमयू भेजा गया घटना की जानकारी जब सुनीता के परिजनों को दी गई, तो उन्होंने शव लेने से साफ इनकार कर दिया बताया गया कि मृतका सुनीता करीब पांच वर्ष पूर्व अपने ससुराल से एक व्यक्ति संतराम के साथ चली गई थी इस कारण परिवारजन उससे नाखुश थे और लंबे समय से उससे कोई संपर्क नहीं था वही



पिता बंसीलाल, माता और तीनों भाइयों को पुलिस ने काफी समझाने की कोशिश की लेकिन उन्होंने शव लेने से मना कर दिया ऐसे में पुलिस ने सामाजिक और मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए अंतिम दायित्व निभाया पूरी जिम्मेदारी लेते हुए और हिंदू रीति-रिवाजों का पालन करते हुए मृतका सुनीता का विधिपूर्वक अंतिम संस्कार कराया गया।स्थानीय नागरिकों और सामाजिक कार्यकताओं ने पुलिस के इस संवेदनशील और मानवीय कार्य की सराहना की हैयह घटना जहां एक और पारिवारिक रिश्तों में गहराते मनमुटाव की झलक देती है वहीं दूसरी ओर पुलिस के मानवीय चेहरे को भी उजागर करती है।

## तहसील में बारिश का कहर लेखपाल कार्यालय परिसर में जलभराव, फरियादी परेशान.....

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। मूसलाधार बारिश ने मोहनलालगंज तहसील प्रशासन की पोल खोलकर रख दी है तहसील परिसर के पीछे बने लेखपालों के कार्यालयों के बाहर भारी जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है जिससे न सिर्फ फरियादियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि राजस्वकर्मियों का कार्य भी ठप हो गया है बारिश के बाद लेखपालों के कार्यालयों के बाहर पानी भर जाने से फरियादियों को अपने जरूरी मामलों को लेकर दफ्तर तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है वहीं कई लेखपाल पानी में फंसे होने के कारण अपने कक्षों से बाहर तक नहीं निकल पा रहे हैं सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि राजस्व निरीक्षक तथा लेखपाल संघ के महामंत्री के कक्ष के बाहर तक पानी भर चुका है जिससे विभागीय कार्य पूरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।



### वकील और किसान भी बेहाल

तहसील परिसर में आने वाले वकीलों और किसानों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है कई बार लोगों को पानी में से होकर गुजरना पड़ता है जिससे उनकी फाइलें और जरूरी दस्तावेज भी खराब हो रहे हैं शिकायतों के बावजूद जलनिकासी की कोई स्थायी व्यवस्था अब तक नहीं की गई है।

### प्रशासन के दावों की खुली पोल

तहसील प्रशासन द्वारा नियमित सफाई और जल निकासी के पुख्ता इंतजाम के दावों की सच्चाई इस बारिश ने उजागर कर दी है मामूली बारिश में ही परिसर में जलभराव हो जाना, इस बात का संकेत है कि वर्षों से इस समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं ढूंढा गया है।राजस्व विभाग के कर्मचारियों सहित तहसील में आने वाले आमजन ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल प्रभाव से जलनिकासी की व्यवस्था कराए और परिसर की नियमित सफाई सुनिश्चित करे अन्यथा, यदि बारिश इसी तरह जारी रही तो आगामी दिनों में तहसील का सामान्य कार्य पूरी तरह से ठप हो सकता है हर साल यही हाल होता है, थोड़ी सी बारिश होते ही पानी भर जाता है न कोई सुनवाई होती है और न समाधान एक वकील ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा अब देखना यह होगा कि तहसील प्रशासन इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान करता है या फिर यह जलभराव फरियादियों और कर्मचारियों की रोजमर्रा की परेशानी बना रहेगा।

## गौकशी की योजना बना रहे गिरोह का किया भंडाफोड़ , दो गिरफ्तार, चार फरार......

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। नगराम थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए गौकशी की साजिश रच रहे गिरोह का भंडाफोड़ किया है बीते मंगलवार को जब नगराम पुलिस टीम शराब ठेके के पास वाहन चेकिंग कर रही थी इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नेवाजखेड़ा गांव के पास जंगल में कुछ संदिग्ध व्यक्ति एक बैल को बांधकर मौजूद हैं और गौकशी की तैयारी में लगे हैं मुखबिर द्वारा मिली के आधार पर नगराम पुलिस तत्काल हरकत में आई और बताई गई लोकेशन पर पहुंची मौके पर पुलिस ने देखा कि एक बैल को पेड़ से रस्सी के सहारे बांधा गया था और उसके पास 5-6 संदिग्ध व्यक्ति बैठे हुए थे पुलिस को देखते ही सभी आरोपित भागने लगे लेकिन मुस्तैदी दिखाते हुए पुलिस ने




दो आरोपियों को मौके से पकड़ लिया जबकि चार अन्य अंधेरे और झाड़ियों का लाभ उठाकर मोटरसाइकिल व पैदल मार्ग से फरार हो गए नगराम पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना नाम जीशान पुत्र अब्दुल वाहिद, निवासी 163/335 मौलवीगंज, चिकमंडी, थाना अमीनाबाद, लखनऊ दूसरा मोहम्मद समीर कुरैशी पुत्र युनुस कुरैशी, निवासी फतेहगंज, कसाईवाड़ा, थाना अमीनाबाद, लखनऊ का बताया गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से एक एक्टिवा स्कूटी, तीन धारदार चाकू, एक पेचकस, एक बड़ा बैग, तीन जूट की बोरियां, दो प्लास्टिक की बोरियां और एक प्लास्टिक की रस्सी बरामद की गई पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि उनका उद्देश्य अवैध रूप से बैल की हत्या कर उसका मांस बेचकर जीविका चलाना था।

यह सभी आरोपी सुनियोजित ढंग से गौकशी करने के इरादे से जंगल में एकत्रित हुए थे नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ गौवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है वहीं फरार चार अन्य आरोपियों की तलाश पुलिस लगातार कर रही है नगराम पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की जा रही है मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा आस-पास के इलाकों में सतर्कता बढ़ा दी गई है ताकि ऐसी अवैध गतिविधियों पर समय रहते रोक लगाई जा सके।

## समाचार का असर......

### बस स्टेशन से अवैध कब्जे हटाने की तैयारी में जुटा परिवहन विभाग

**समाचार पत्रों में खबर छपते ही हरकत में आया परिवहन विभाग जल्द शुरू होगी कार्यवाही......**

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज बस स्टेशन पर अवैध कब्जे और रसूखदारों की मनमानी को लेकर बीते मंगलवार को समाचार पत्रों में छपी खबर का असर देखने को मिला है समाचार पत्रों में खबर छपते ही परिवहन विभाग हरकत में आ गया है और अब इस गंभीर समस्या को लेकर कार्रवाई की तैयारियां तेज कर दी गई हैं बस स्टेशन परिसर में लंबे समय से आसपास के ठेकेदारों व कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा निजी गाड़ियां खड़ी कर दी जाती थीं, जिससे बसों की आवाजाही बाधित हो रही थी इसके विरोध पर निगम कर्मचारियों को न सिर्फ अपशब्द कहे जाते थे बल्कि उन्हें खुलेआम धमकाया भी जाता था। यही नहीं, इन अवैध पार्किंगों के चलते यात्रियों को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ता था मंगलवार को प्रमुख समाचार पत्रों में यह मुद्दा प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद परिवहन निगम के उच्चाधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बस स्टेशन को अतिक्रमणमुक्त करने के निर्देश जारी किए हैं मोहनलालगंज बस स्टेशन को पुनः सुव्यवस्थित और यात्री हितों के अनुरूप बनाने की पहल शुरू हो चुकी है परिवहन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बस स्टेशन पर निगम की संपत्ति पर किसी भी प्रकार का अवैध नियंत्रण स्वीकार नहीं किया जाएगा जल्द ही एक विशेष अभियान चलाकर अवैध रूप से खड़ी गाड़ियों को हटाया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी इस कार्रवाई की खबर सुनते ही स्थानीय जनता व यात्रियों में संतोष की लहर दौड़ गई है लोगों का कहना है कि यदि यह कार्रवाई पहले हो जाती तो रोजाना की परेशानी से बचा जा सकता था अब उन्हें उम्मीद है कि विभाग की सक्रियता से बस स्टेशन जल्द ही अतिक्रमणमुक्त होकर सुचारु संचालन में आ जाएगा परिवहन विभाग के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक उपनगरी डिपो जगदीश प्रसाद ने बताया है कि अब से यदि किसी रसूखदार या निजी व्यक्ति द्वारा बस स्टेशन की सार्वजनिक संपत्ति पर अनधिकृत नियंत्रण या पार्किंग की कोशिश की गई तो तत्काल प्रभाव से कठोर कदम उठाए जाएंगे।

## विकंलाग किसान और उसकी पत्नी से मारपीट

**अमन लेखनी समाचार**

गोसाईगंज। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घुसकर में जमीन विवाद का मामला सामने आया है। विकलांग किसान संतोष कुमार ने दो लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। संतोष कुमार के अनुसार उनकी जमीन गाटा संख्या 1053 और 1056 मोहनलालगंज तहसील में स्थित है। इस जमीन पर शिवराम और उनके पुत्र विकास ने मेड़ को काटकर अपना खूंटा गाड़ दिया। जब संतोष और उनकी पत्नी सावित्री ने इसका विरोध किया, तो 15 जुलाई 2025 को शाम 5 बजे आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज की। सावित्री, जिनका एक हाथ पहले से टूटा हुआ है, के साथ भी मारपीट की गई। आरोपियों ने लात-घूंसों और डंडों से हमला किया, जिससे दोनों को



आंतरिक चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। संतोष कुमार ने शिकायत में कहा कि आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं और खुद को गांव के गुंडा होने का दावा करते हैं। पीड़ित ने पुलिस से जांच और उचित कार्रवाई की मांग की है।

## दिव्यांग विकास सोसाइटी का अनोखा आंदोलन

**दिव्यांग विकास सोसाइटी ने भूख हड़ताल के जरिए उठाई मांगें प्रशासन ने दिया समाधान का आश्वासन......**

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज तहसील परिसर में दिव्यांगजनों के अधिकार और समस्याओं को लेकर बुधवार को दिव्यांग विकास सोसाइटी के पदाधिकारियों ने भूख हड़ताल शुरू कर दी लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर किए जा रहे इस शांतिपूर्ण प्रदर्शन को प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल हस्तक्षेप किया वही बुधवार दोपहर एसडीएम अंकित शुक्ला और एसीपी रजनीश वर्मा स्वयं मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बातचीत की दोनों अधिकारियों ने दिव्यांगजनों की समस्याएं सुनीं और उन्हें भरोसा दिलाया कि उनकी सभी जायज मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा प्रशासन की पहल पर प्रदर्शनकारियों को जूस पिलाकर उनकी भूख हड़ताल समाप्त कराई गई इस मौके पर एक सकारात्मक माहौल देखने को मिला जहां अधिकारियों और प्रदर्शनकारियों के बीच सहयोगात्मक संवाद हुआ वही अधिकारियों ने यह भी आश्वासन दिया कि बुधवार को तहसील परिसर में एक विशेष बैठक बुलाई गई है जिसमें दिव्यांग विकास सोसाइटी के सभी पदाधिकारियों को बुलाया गया है।



इस बैठक में उनकी सभी मांगों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी और संभावित समाधान निकाला जाएगा

दिव्यांग विकास सोसाइटी के पदाधिकारियों ने प्रशासन की तत्परता की सराहना की और उम्मीद जताई कि बुधवार की बैठक में उन्हें ठोस परिणाम मिलेंगे दिव्यांग विकास समिति की प्रमुख मांगे दिव्यांगों के लिए पेंशन में सुधार रोजगार एवं स्वरोजगार योजनाओं में प्राथमिकता स्थानीय सरकारी कार्यालयों में सुगम प्रवेश की व्यवस्था मेडिकल प्रमाणपत्र प्रक्रिया में पारदर्शिता इस प्रदर्शन ने एक बार फिर दिव्यांगजनों की समस्याओं को सार्वजनिक मंच पर लाकर खड़ा किया है अब देखने वाली बात यह होगी कि बुधवार को होने वाली बैठक में प्रशासन उनके लिए क्या कदम उठाता है।

## संक्षेप

### दो बाइकों की आमने सामने भिंडत एक की मौत दूसरा घायल

उन्नाव। औरास थाना क्षेत्र के संडीला मार्ग पर प्रेम नगर तिराहे के पास मंगलवार शाम दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। टिकरा गांव के 60 वर्षीय रामपाल औरास से बाइक पर जा रहे थे। इसी दौरान उन्नाव की तरफ से आ रहे जमाल नगर निवासी 25 वर्षीय अजय से उनकी बाइक टकरा गई। स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस और औरास थाने को सूचना दी। पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास में भर्ती कराया। रामपाल को सिर में चोट के कारण लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया जहां पर इलाज के दौरान रामपाल की मौत हो गई वहीं अजय को उन्नाव जिला अस्पताल भेजा गया। दोनों चालकों ने हेलमेट नहीं पहना था। अजय की बाइक पर दो बच्चे भी सवार थे। 5 वर्षीय कृष्णा और 3 वर्षीय लकी टक्कर के दौरान बाइक से नीचे गिर गए। सौभाग्य से दोनों बच्चों को कोई चोट नहीं आई

### एसपी ने पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र में किया फेरबदल

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने मंगलवार शाम जनपद में बड़े पैमाने पर तबादले किए। इस तबादले में औरास थाने में तैनात मुंशी हरिश्चंद्र सिंह और उनकी पत्नी प्राची सिंह का स्थानांतरण पुरवा थाने में किया गया है। सफीपुर से सीओ पेशी हिमांशु यादव को औरास थाने में स्थानांतरित किया गया है। हरिश्चंद्र सिंह और प्राची सिंह की तैनाती 2019 में औरास थाने में की गई थी। दोनों ने लगभग 6 वर्षों तक यहां अपनी सेवाएं दीं। मंगलवार को जारी इस स्थानांतरण आदेश के बाद स्थानीय लोगों में चर्चा का विषय बन गया। एसपी ने जनपद के विभिन्न थानों में तैनात अन्य पुरुष और महिला सिपाहियों के तबादले भी किए हैं।

### युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला की समाप्त

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के लोक नगर नई बस्ती में एक युवक ने पारिवारिक विवाद के चलते आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान महेश (26) के रूप में हुई है। वह भोला का पुत्र था और लोक नगर नई बस्ती का निवासी था। महेश की शादी करीब एक साल पहले मैनी खेड़ा क्षेत्र में हुई थी। कुछ समय से पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। मंगलवार को दोनों के बीच फिर विवाद हुआ। इसके बाद महेश ने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवार के अनुसार, महेश काफी समय से मानसिक रूप से परेशान था। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह पारिवारिक विवाद का मामला लग रहा है। पुलिस मृतक का मोबाइल और अन्य दस्तावेज खंगाल रही है। साथ ही परिजनों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आगे की जांच से स्थिति स्पष्ट होगी।

# गठित टीमों ने उर्वरक की दुकानों पर की छापेमारी

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। प्रमुख सचिव (कृषि) आदेश के परिपालन में बुधवार को कृषको को गुणवत्ता उर्वरक एवं उचित दर पर उपलब्ध कराने हेतु जिलाधिकारी द्वारा जिले मे 03 टीमे गठित की गई, जिसने रविचंद्र प्रकाश उप कृषि निदेशक उन्नाव व संबंधित उप जिलाधिकारी द्वारा पुरवा व बीघापुर तहसील, शशांक जिला कृषि अधिकारी उन्नाव व संबंधित उप जिलाधिकारी द्वारा बांगरमऊ व हसनगंज तहसील, व अनुराग कुमार वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए व संबंधित उप जिलाधिकारी द्वारा सदर व सफीपुर तहसील की उर्वरक दुकानो पर सघन छापेमारी का अभियान चलाया। संयुक्त टीमो द्वारा जनपद मे कुल 65 उर्वरक दुकानो का निरीक्षण किया गया तथा संदिग्ध स्टाक से 16 नमूना लिये गये, और 8 प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस व 3 दुकान चौरसिया खाद भंडार मटुकरी, वैष्णो कीटनाशक एवं खाद बीज भंडार ब्योली इस्लामाबाद, शुक्ला पेस्टिसाइड एंड खाद भंडार ब्योली इस्लामाबाद को मौके पर प्रतिष्ठान बंद कर दिए जाने के कारण लाइसेंस निलंबित किया गया। ग्रहित नमूनो को परीक्षण हेतु प्रयोगशाला मे भेजा जाएगा। साथ ही निर्देशित किया गया कि उर्वरकों का वितरण पीओएस के माध्यम से खतौनी के अनुसार ही करे, दुकान पर स्टॉक बोर्ड, रेट बोर्ड, स्टॉक व वितरण रजिस्टर तथा कैश मेमो अवश्य हो। किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने , ओवररेटिंग ,टैगिंग व दुकान बंद किए जाने की दशा में संबंधित के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी

# दो मंदिरों से चोरों ने दान पात्र से नगदी समेत पार कर दिया कीमती सामान

अमन लेखनी समाचार




असोहा, उन्नाव। थाना क्षेत्र के दो गांवों में स्थित मंदिरों में चोरों ने सोमवार रात मंदिर का ताला तोड़कर पीतल के बड़े व छोटी घंटियां सहित साउंड मशीन सहित दान पात्र से लगभग दस हजार नकद पार कर दिया।पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू की है।

असोहा थाना क्षेत्र के गांव धन्नीखेड़ा में गांव के बाहर स्थित भुइंया माता मंदिर में सोमवार रात चोर ने मंदिर के गेट का ताला तोड़कर हनुमान की मूर्ति का मुकुट,दस किलो के पीतल के तीन घंटे,बीस छोटी घंटियां ,साउंड मशीन, माइक सहित दान पात्र में रखे लगभग दस हजार नकद पार कर दिए।सुबह मंदिर पहुंचे गांव के कृष्णपाल ने मंदिर गेट का ताला टूटा होने व अंदर सामान गायब होने पर पुलिस को सूचना दी।वही क्षेत्र के ही गांव क्योनी स्थित मंदिर से भी इसी रात कुछ घंटे,घंटियां चोर ने पार कर दी है।दोनो स्थानों पर पहुंचकर पुलिस ने जांच पड़ताल की है।

एसओ निखलेश कुमार ने बताया कि अज्ञात पर चोरी की धारा में रिपोर्ट दर्जकर जांच की जा रही है।

# छात्रा ने दो युवकों लगाया छेड़छाड़ करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के स्थानीय निवासी युवक नीरज और दीपक पर छात्रा से छेड़छाड़ करने का आरोप है। छात्रा ने बताया कि दोनों युवक रास्ते में उसे परेशान करते थे। वे उस पर साथ भागने का दबाव बना रहे थे। छात्रा के विरोध करने और पुलिस शिकायत की धमकी देने पर दोनों युवक भड़क गए। शाम के समय आरोपी छात्रा के घर पहुंचे। वहां उन्होंने गालियां दीं। जब छात्रा बाहर आई तो दोनों ने उसे पीट दिया। घर के बाहर लगे सीसीटीवी में पूरी घटना कैद हो गई। फुटेज में दिख रहा है कि आरोपी छात्रा से गाली-गलौज कर रहे हैं और मारपीट कर रहे हैं। आसपास के लोग बीच-बचाव का प्रयास कर रहे हैं। छात्रा की मां ने गंगाघाट कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।




सीसीटीवी फुटेज को सबूत के रूप में कब्जे में ले लिया गया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपियों की तलाश जारी है। उन्होंने पीड़िता की सुरक्षा का आश्वासन दिया है।

# बढ़ रहे गंगा नदी के जलस्तर को देखते आपदा प्रबंधन विभाग को किया गया अलर्ट

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। यह चेतावनी बिंदु 112 मीटर से मात्र 1.15 मीटर नीचे है। पश्चिमी क्षेत्रों में हो रही बारिश और हरिद्वार, नरौरा, गंगा बैराज से छोड़े जा रहे पानी के कारण स्थिति गंभीर हो रही है। केन्द्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, बीते 24 घंटों में गंगा का जलस्तर 12 सेंटीमीटर बढ़कर मंगलवार शाम तक 110.970 मीटर पहुंच गया। बुधवार सुबह इसमें मामूली गिरावट आई और जलस्तर 110.850 मीटर रिकॉर्ड किया गया। शुक्लागंज क्षेत्र के निचले हिस्सों में गंगा का पानी फैलना शुरू हो गया है। प्रशासन ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग को अलर्ट कर दिया है। तटीय क्षेत्रों में गश्त



बढ़ा दी गई है। संवेदनशील बस्तियों में मुनादी कर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है। जिला प्रशासन संभावित बाढ़ से निपटने की तैयारी कर रहा है। नाव और राहत सामग्री का प्रबंध किया जा रहा है। सुरक्षित स्थानों की पहचान की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट किया गया है। अगर ऊपरी इलाकों में बारिश जारी रही तो अगले 24-48 घंटों में जलस्तर और वृद्धि हो सकती है। प्रशासन ने अपील की है कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें। स्थिति नियंत्रण में है लेकिन किसी भी आपदा की आशंका को नकारा नहीं जा सकता। ऐसे में सहयोग और सतर्कता ही सुरक्षा का सबसे बड़ा माध्यम है।

# ब्लाक परिसर में किया गया वृक्षारोपण



अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। ब्लाक परिसर औरास में कुटीवीर सेवा संस्थान के तत्वाधान में बृहद बृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुटीवीर बाबा संस्था के अध्यक्ष संजय शुक्ला ने उपस्थित जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि बृक्ष हमारी धरा को हरा भरा कर पर्यावरण को संतुलित रखने में सहायक है। इस लिए प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड़ लगाना आवश्यक है जितने अधिक बृक्ष होंगे उतनी अच्छी बरसात होगी जिससे देश का हर व्यक्ति खुशहाल होगा । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक बृजेश रावत ने उपस्थित लोगों से अधिक अधिक बृक्ष लगाने की अपील करते हुए कहा कि बृक्ष हमारे जीवन में बहुत ही उपयोगी है इस लिए वृक्षों के काटना नही चाहिए। इस मौके पर बाबूराम त्रिपाठी , रिंकू सिंह , रामजी गुप्ता, पुजानी सिंह, सुरेंद्र सिंह, राजेश मिश्रा, बृजेश त्रिपाठी, अवधेश वर्मा, राजेन्द्र सिंह , भानू सिंह, अनुराग द्विवेदी । अमन यादव, जमुना प्रसाद सैनी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सिटी पॉवर हाउस में एसएसओ से मारपीट, 15 युवकों ने रात में की हाथापाई, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सिटी पॉवर हाउस में एक गंभीर घटना सामने आई है। रात के समय ड्यूटी पर तैनात सब स्टेशन ऑपरेटर (एसएसओ) पवन कुमार के साथ लगभग 15 अज्ञात युवकों ने मारपीट की है। पवन कुमार अपनी रात्रिकालीन ड्यूटी के दौरान कंट्रोल रूम में बिजली आपूर्ति की निगरानी कर रहे थे। इस दौरान कुछ युवक पॉवर हाउस में घुस आए। उन्होंने तकनीकी खराबी का बहाना बनाकर बहस शुरू की। बहस जल्द ही मारपीट में बदल गई। युवकों ने एसएसओ के साथ हाथापाई की और उन्हें धमकाया।

बता दे कि घटना के बाद पवन कुमार ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पूरी घटना पॉवर हाउस के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।



पीड़ित ने सदर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। ऊर्जा विभाग के कर्मचारियों में इस घटना को लेकर रोष है। बिजली कर्मचारी संघ ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर कार्य बहिष्कार किया जाएगा। बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# ट्रकों की टक्कर से परिचालक की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र में बुधवार की सुबह एक सड़क दुर्घटना में ट्रक खलासी की मौत हो गई। यह हादसा बिहार-बक्सर मार्ग पर अजबखेड़ा और भटखेरवा के बीच हुआ। घटना उस समय हुई जब एक 18 चक्का ट्रक का टायर पंचर हो गया था। चालक सड़क किनारे पहिया बदल रहा था। इस दौरान एक अन्य ट्रक वहां रुका हुआ था। इस ट्रक का खलासी हफीजुर्रहमान शीशा साफ कर रहा था। इसी समय पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक तीसरे ट्रक ने टक्कर मार दी। हफीजुर्रहमान दोनों ट्रकों के बीच दब गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की उम्र 24 वर्ष थी। वह महराजगंज, गोरखपुर-बस्ती मंडल के कमरिया खुर्द का रहने वाला था। बिहार थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल उन्नाव भेज दिया। घायल चालक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर में भर्ती कराया गया।ट्रक चालक वसीम ने बताया कि वह कबरई से गिट्टी लेकर महराजगंज जा रहा था। पुलिस टक्कर मारने वाले ट्रक की पहचान के लिए जांच कर रही है।

# ब्लॉक परिसर में गंदगी का अंबार, जगह जगह लगे कूड़े के ढेर

अमन लेखनी समाचार



असोहा, उन्नाव। बरसात के मौसम में सरकार द्वारा साफ सफाई पर विशेष जोर देने के निर्देश व वर्तमान में संचारी रोग अभियान जोरो पर चलने के तहत गांवों में साफ सफाई कराई जा रही है।लेकिन साफ सफाई जिसके तहत कराई जाती है वह असोहा ब्लाक परिसर ही गंदगी व शराब जैसे गंभीर वस्तुओं से ग्रसित है।जिसका उदाहरण ब्लाक परिसर है ,बुधवार को ब्लाक परिसर के अंदर बाउंड्री वाल के किनारे भयंकर गंदगी का आभार लगा हुआ पाया गया।वही कुछ शराब के पाउच भी पड़े पाए गए।जिससे ब्लाक के कर्मचारियों व आने वाले लोगों में ब्लाक परिसर में क्या क्या किया जाता है।इसकी भी चचाएं रही।ग्रामीणों का कहना है कि जब ब्लाक परिसर में ही गंदगी व शराब के पाउच जैसी वस्तुएं मिलेंगी।तो गांवों की साफ सफाई कैसी होगी ,इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।एडीओ पंचायत रमाकांत पांडेय ने बताया कि अभी वह बाहर है।पहुंचकर दिखवाया जाएगा।

# दिव्यांग पुत्र व पिता ने एक साथ गंगा नदी में लगाई छलांग मौजूद लोगो ने बचाया

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कल्याणी मोहल्ला में बुधवार दोपहर करीब 12 बजे एक पिता और उनके दिव्यांग पुत्र ने गंगा नदी में छलांग लगा दी। कल्याणी मोहल्ला निवासी ब्रजकिशोर अस्थाना अपने दिव्यांग पुत्र शोभित अस्थाना के साथ गंगा घाट पहुंचे थे। घाट पर कुछ देर रुकने के बाद ब्रजकिशोर ने बेटे को साथ लेकर नदी में छलांग लगा दी। नदी किनारे मौजूद ग्रामीणों और स्नान कर रहे श्रद्धालुओं ने तुरंत कार्रवाई की। उन्होंने नदी में कूदकर पिता-पुत्र को बाहर निकाला। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत सामान्य बताई। उपचार के बाद दोनों को घर भेज दिया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, ब्रजकिशोर पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में थे। परिवारिक कलह और घरेलू तनाव से वे परेशान थे। दिव्यांग बेटे की देखरेख



की जिम्मेदारी और आर्थिक तंगी ने उन्हें मानसिक रूप से विचलित कर दिया था। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति की जानकारी ली। पुलिस के अनुसार परिवार की ओरसे कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि मानसिक तनाव और घरेलू कलह से पीड़ित लोगों की काउंसलिंग और सहयोग आवश्यक है।

# डलमऊ बी पम्प कैनाल परियोजना की हुई शुरूवात

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। डलमऊ बी पम्प कैनाल परियोजना की शुरूआत हो गई है। 76 करोड़ रुपए की लागत से शुरू हुई इस सिंचाई परियोजना से उन्नाव और रायबरेली जिले के 40 हजार से अधिक किसान लाभान्वित होंगे। क्षेत्र के हजारों हेक्टेयर खेतों को अब सिंचाई के लिए भरपूर पानी मिलेगा। डलमऊ पम्प कैनाल से प्रतिदिन लगभग 300 क्यूसिक पानी छोड़ा जाएगा, जिससे खेतों की सिंचाई में बड़ी राहत मिलेगी। यह परियोजना करीब 15 सालों से अधर में लटकी थी, लेकिन सरकार की विशेष प्राथमिकताओं में शामिल होने के बाद अब इसे शुरू कर दिया गया है। इस परियोजना के शुरू होने से न केवल फसलों की पैदावार में वृद्धि होगी बल्कि किसानों की आमदनी में भी सुधार आएगा। स्थानीय ग्रामीणों और किसान संगठनों में इसे लेकर उत्साह का माहौल है। जल्द होगी पूर्ण क्षमता से आपूर्ति जल शक्ति विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही पम्प हाउस की सभी इकाइयों को पूर्ण क्षमता पर लाया जाएगा। इससे पानी की आपूर्ति और अधिक नियमित हो सकेगी।यह परियोजना किसानों की खेती पर निर्भर अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा देने का कार्य करेगी। वर्षों से बारिश और भूमिगत जल पर निर्भर किसान अब नहर के माध्यम से समय पर सिंचाई कर सकेंगे, जिससे रबी और खरीफ दोनों सीजन में फसलें बेहतर होंगी। एक्सईएन गगन शुक्ला ने बताया कि डलमऊ-बी पम्प कैनाल परियोजना के तहत प्रतिदिन 300 क्यूसिक पानी छोड़ा जाएगा, जिससे उन्नाव और रायबरेली जिले के लगभग 40 हजार किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना लंबे समय से लंबित थी, लेकिन सरकार की प्राथमिकता और विभागीय प्रयासों से अब इसे चालू किया गया है।

# वर्मा नदी में बना रपटा हुआ धराशायी, ग्रामीणों ने पानी में उतर कर किया धरना प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

महोबा जिले के विकासखण्ड पनवाडी में नौगाव फदना मार्ग पर लगभग 30 वर्ष से बना रपटा धराशाई हो गया रपटा टूटने से आधा दर्जन गांवों का सम्पर्क टूट गया है लगातार हो रही बारिश से के चलते जलस्तर बढ़ जाने से वर्मा नदी में बना रपटा धराशायी हो गया रपटा टूटने से आक्रोशित ग्रामीणों ने पानी में उतर कर टूटे हुए रपटा की जगह पुल का निर्माण कराए जाने को लेकर धरना प्रदर्शन कर जल्द से जल्द बनाए जाने की माँग जिला प्रशासन से की है ग्रामीणों ने बताया कि रपटा बहुत सालों का बना हुआ है न तो इस रपटे की कभी मरम्मत की गई जिससे वह धराशायी हो गया है अधिक बर्षा होने पर जल स्तर बढ़ जाने से लोगो निकलने मे हर साल भारी दिक्कते होती है और बच्चे स्कूल नहीं जा पाते है खाने का सामान लाने के साथ मरीजों को इलाज का अभाव हो जाता है ग्रामीणों का कहना है कि जब तक वर्मा नदी में पक्का पुल नही बनता है तब तक पानी में खड़े होकर धरना चलता रहेगा किसान यूनियन ने कहा है कि अगर जिला प्रशासन द्वारा हमारी समस्याओं पर जल्द ध्यान नही दिया गया तो उग्र प्रदर्शन करने को बाध्य होगे कहा कि अगर पुल बन जाएगा तो हर साल की समस्याओं से गाव की जनता को निदान मिल सकता है

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं.**
**DCE-BL-04-2025**

अधिशासी अभियन्ता/पुल/चालू लाईन/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते हैं:– **क्र.सं. 1.; ई–निविदा संख्या:** DCE-BL-04-2025; ; **कार्य का विवरण:** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के आनन्द नगर–गोण्डा खण्ड पर स्थित पुल सं. 71 (4x12.2m) एवं 20 (4x12.2m) पर Instrumentation for validation of RSI analysis for continuation of LWR का कार्य।; **अनुमानित लागत(₹):** ₹88,50,000/- (रु० अट्ठासी लाख पचास हजार मात्र) ; **बयाने की राशि(₹):** ₹1,77,000/- (रु० एक लाख सतहत्तर हजार मात्र); **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य; **स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन अवधि:** 06 (छः) माह; **1.** ई–निविदा खुलने की तिथि: दिनांक 08.08.2025 को 11:00 बजे; **2.** ई–निविदा की प्राप्ति की तिथि: दिनांक 08.08.2025 को 10:59 बजे तक। **3.** ई–निविदा सूचनाएं योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**अधिशासी अभियन्ता/पुल/चा०ला०, गोरखपुर**
**मुजाधि/डब्ल्यू–165**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## सम्पादकीय

# मतदाता सूची के पुनरीक्षण से अवैध वोटरों की होगी पहचान

भारत अवैध प्रवासियों की समस्या से जूझता रहा है। ऐसे में एक नियमित अंतराल पर मतदाता पहचान पत्र की जांच-पड़ताल होते रहनी चाहिए। अभी चुनाव आयोग बिहार में मतदाता सूचियों की जांच के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान चला रहा है। इस अभियान में बिहार की मतदाता सूची में बड़ी संख्या में नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमा के लोग मिले हैं। इसके अलावा भी कई तरह की अनियमितताएं मिल रही हैं, जिन्हें सुधारा जा रहा है। बिहार में वर्ष 2003 के बाद अब 22 वर्ष पश्चात मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जा रहा है। हालांकि इस पर विपक्ष जमकर राजनीति कर रहा है और सरकार को इसकी टाइमिंग को लेकर घेर रहा है। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो शीर्ष अदालत ने भी इसकी टाइमिंग पर सवाल उठाया, लेकिन इस कवायद को गलत नहीं कहा। केंद्रीय चुनाव आयोग ने ऐलान किया है कि अब समूचे देश में मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण होगा। चुनाव आयोग 28 जुलाई के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का जरूर इंतजार करेगा। आयोग ने राज्यों को जो तैयारी का निर्देश दिया है, उसके मुताबिक अगस्त से देशभर में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान शुरू हो जाएगा। यह जरूरी कदम है और इसका स्वागत होना चाहिए। इससे देश के अंदर दोहरी मतदाताओं की प्रवृत्ति पर रोक लगेगी। देश में मतदाताओं की एक्चुअल संख्या का पता चलेगा। मतदाता सूची का आधार से लिंक किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने आधार कार्ड, राशन कार्ड व वोटर लिस्ट को पहचान पत्र के दायरे में शामिल करने का निर्देश दिया है, जिसे चुनाव आयोग ने शामिल किया है। सरकार को चाहिए कि हर नागरिकों के लिए बायो आधारित एकीकृत राष्ट्रीय पहचानपत्र सिस्टम लागू हो। इसे आधार को ही विस्तारित रूप देकर किया जा सकता है। फिंगर प्रिंट और आई चित्र के साथ एकीकृत राष्ट्रीय पहचान पत्र में आधार की व्यक्तिगत सूचना से लेकर ब्लड ग्रुप, मतदाता सूची, राशन कार्ड, बीपीएल व एपीएल और पासपोर्ट संबंधी जानकारी आदि को समाहित किया जा सकता है। इससे हर नागरिक को केवल एक पहचानपत्र संभालना होगा, सरकारी कामकाज में भी आसानी होगी। सरकार के पास अपने सभी नागरिकों का वृहद जानकारी से लैस डेटा होगा। बिग डेटा सिस्टम से यह सब डिजिटल रखने में आसानी होगी। चुनाव आयोग ने बिहार में फैसला किया है कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान उचित जांच के बाद 30 सितंबर को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची में अवैध प्रवासियों के नाम शामिल नहीं किए जाएंगे। निर्वाचन आयोग अंततः पूरे भारत में मतदाता सूचियों का एक विशेष गहन पुनरीक्षण करेगा ताकि विदेशी अवैध प्रवासियों के जन्मस्थान की जांच करके उन्हें बाहर निकाला जा सके। बिहार में इसी साल चुनाव होने वाले हैं, जबकि अन्य पांच राज्यों असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। हाल में विभिन्न राज्यों में बांग्लादेश और म्यांमा सहित अवैध विदेशी प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के बाद यह कदम खास महत्व रखता है। अधिकांश राज्यों ने 2002 और 2004 के बीच मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण किया था, उत्तराखंड ने 2006 में तो दिल्ली ने 2008 में किया था। इतने कालखंड में मतदाताओं की स्थिति बदल जाती है, कुछ की मौत हो जाती है, कुछ नए जुड़ जाते हैं। आगे जनगणना होनी है और परिसीमन होना है, ऐसे में वोटर लिस्ट पुनरीक्षण काफी मायने रखता है।



पुरातत्व सर्वेक्षण
प्रमोद भार्गव

# भूगर्भ में अंगड़ाई लेती सरस्वती के प्रमाण

राजस्थान के डीग जिले के बहज गांव में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण जस्थान के डीग जिले के बहज गांव में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा जारी उत्खनन में 5500 से भी ज्यादा साल पुरानी प्राचीन भारतीय सभ्यता के अनेक अवशेष मिले हैं। इनमें सबसे प्रमुख ऋग्वेद में वर्णित सबसे प्रसिद्ध सरस्वती नदी प्रणाली के ठोस प्रमाण एक बार फिर मिले हैं। अवशेषीय अध्ययन के बाद ओएनजीसी ने राजस्थान के जैसलमेर से सात किलोमीटर दूर जमीन में करीब 550 मीटर तक गहरा छेद किया। यहां 7600 लीटर प्रति घंटे की दर से स्वच्छ जल निकला। अध्ययन में पता चला कि हरियाणा व राजस्थान में करीब 200 स्थलों पर सरस्वती के पानी के निशान हैं।

राजस्थान के डीग जिले के बहज गांव में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा जारी उत्खनन में 5500 से भी ज्यादा साल पुरानी प्राचीन भारतीय सभ्यता के अनेक अवशेष मिले हैं। इनमें सबसे प्रमुख ऋग्वेद में वर्णित सबसे प्रसिद्ध सरस्वती नदी प्रणाली के ठोस प्रमाण एक बार फिर मिले हैं। इस खुदाई में ब्राह्मी लिपि की मोहरों, मूर्तियों, हड्डी के औजार, शंख, मोती, चूड़ियां और सिक्कों के साथ मिट्टी के खंभों से बने भवन, ईंटों की परतदार दीवारों वाली खंदकें, भठियां एवं यज्ञवेदियां भी मिली हैं। इन साक्ष्यों से प्रमाणित होता है कि उस समय के लोग वास्तुकला के साथ धातु विज्ञान और हथियार बनाने में दक्ष थे।

ऋग्वेद में वर्णित सिंधु-सारस्वत सभ्यता में इन सब वस्तुओं और सरस्वती नदी से जुड़े अनेक मंत्र मिलते हैं। इन्हीं मंत्रों से प्राचीन आर्यावर्त का भूगोल, समाज, जीवनशैली और आर्य व अनार्यों के संघर्ष से जुड़ी अनेक गाथाओं का जीवंत चित्रण है। इन अवशेषों और नदी-तंत्र को 3500 ईसा पूर्व से 1000 ईसा पूर्व तक की सभ्यता के प्रमाण माना जा रहा है। वैदिक कालीन नदी सरस्वती के अस्तित्व और उसकी भूगर्भ में अंगड़ाई ले रही जलधारा को लेकर भूगर्भशास्त्री, पुरातत्ववेत्ता और इतिहासकारों में लंबे समय से मतभेद बना रहा है। यह मतभेद सैटेलाइट मैंपिग के बावजूद कायम रहा। अब न केवल हरियाणा के यमुनानगर जिले के आदिबद्री में सरस्वती का उद्गम स्थल खोज लिया गया है, बल्कि मुगलवाली गांव में धरातल से सात फीट नीचे तक खुदाई करके नदी की जलधारा भी खोज निकाली है। इस धारा का रेखामय प्रवाह तीन किमी की लंबाई में नदी के रूप में सामने आया था। एक मृत पड़ी नदी के इस पुनर्जीवन से उन सब अटकलों पर विराम लगा है,जो वेद-पुराणों में वार्णित इस नदी को या तो मिथकीय ठहराते थे या इसका अस्तित्व अफगानिस्तान की 'हेलमंद' नदी के रूप में मानते थे।

सरस्वती की भौगोलिक स्थिति का बखान ऋग्वेद, शतपथ ब्राह्मण महाभारत, ऐतरेय ब्राह्मण, भागवत और विष्णु पुराणों में है। ऋग्वेद में सप्तसिंधु क्षेत्र की महिमा को प्रस्तुत करते हुए जिन सात नदियों का वर्णन किया गया है, उनमें से एक सरस्वती है। अन्य छह शतद्रु;सतलुज, विपासा;व्यास, असिकिनी;चिनाव, पुरुष्णी;रावी वितस्ता;झेलम द्ध और सिंधु नदियां हैं। इनमें सरस्वती और सिंधु बड़ी नदियां थीं। सतलुज और यमुना सरस्वती की सहायक नदियां रही हैं। सरस्वती का प्रवाह पूरब से पश्चिम की ओर था, लेकिन हजारों साल पहले आए भयंकर भूकंप के कारण यमुना और सतलुज सरस्वती से अलग हो गईं। इन दोनों नदियों के मार्ग बदलने के बाद सरस्वती धीरे-धीरे अस्तित्व खोती हुई भूगर्भ में विलीन हो गई। कुछ भूगर्भशास्त्रियों का ऐसा मानना है कि 12 हजार साल पहले तक नदी स्वच्छ जलधारा के रूप में प्रवाहमान थी। लेकिन ऋग्वेद और अन्य प्राचीन ग्रंथों में सरस्वती की महिमा का गुणगान है, उससे लगता है पांच से सात हजार साल पहले तक यह नदी धरा पर बहती थी, क्योंकि नदी के धरती की कोख में समा जाने का वर्णन ऋग्वेद में नहीं है। जबकि ऋग्वेद की 60 ऋचाओं में सरस्वती का उल्लेख है। इनमें कहा गया है, सरस्वती हिमालयी पर्वतों से निकलकर, सप्तसिंधु क्षेत्र में बहती हुई कच्छ के रण में जाकर समुद्र में गिरती है। यह क्षेत्र वर्तमान में पाकिस्तान और भारत के पंजाब



व हरियाणा में है। किंतु सरस्वती का जो वर्णन महाभारत में है, उसमें इस नदी के विलोप होने के संकेत मिलते हैं। महाभारत के अनुसार सरस्वती समुद्र में समाने से पहले राजस्थान के रेगिस्तान विनसन में ही लुप्त हो जाती है। कॉर्बन डेटिंग भी इस तथ्य की पुष्टि करती है कि 2000 से 1800 वर्ष ईसा पूर्व यह नदी विलुप्त हुई। महाभारत, विष्णु पुराण,भागवत पुराण और ऐतरेय ब्राह्मण ग्रंथों की रचना लगभग इसी समय हुई बताई जाती है। साफ है, प्राचीन संस्कृत ग्रंथों में सरस्वती का जो वर्णन है, वह कपोल कल्पित न होते हुए,वास्तविक है। नदी के सूखने के बाद हड़प्पा-मोहन जोदड़ो संस्कृति के उपासक गंगा यमुना के मैदानों की ओर पलायन कर गए। चूंकि इन लोगों की स्मृति में सरस्वती जीवंत थी, इसलिए इन्होंने प्रयाग में त्रिवेणी स्थल पर गंगा और यमुना के साथ सरस्वती के अंतःसलिला होने की कथा गढ़ ली। सिंधु घाटी सभ्यता का नाम, हालांकि सिंधु नदी के नाम पर पड़ा था। इसे ही सरस्वती संस्कृति, सरस्वती सभ्यता और सिंधु सरस्वती सभ्यता के नामों से जाना जाता है। इसी सभ्यता में हड़प्पा संस्कृति फली-फूली थी। ऋग्वेद में हड़प्पा दुर्ग की गाथा हरियूपिया नाम से मंत्रों में कही गई है। प्राचीन ग्रंथों में दर्ज सरस्वती के अस्तित्व को लेकर देशी-विदेशी भूविज्ञानी और भारतीय संस्कृति के अध्येता इसकी शोध और जमीनी खोज में जुटे रहे हैं। फ्रांस के भूविज्ञानी विवियेन सेंट मार्टिन ने 'वैदिक भूगोल' की रचना की थी। 1860 में लिखी इस पुस्तक में सरस्वती के साथ घग्गर और हकरा की भी पहचान की थी। इसके बाद 1886 में अंगेजी हुकूमत ने भारत का भौगोलिक सर्वेक्षण कराया था। इसके अधीक्षक आरडी ओल्ढ़म की रिपोर्ट बगांल के एशियाटिक सोसायटी जर्नल में छपी थी। इस रिपोर्ट में सरस्वती के नदी तल और इसकी सहायक नदियों, सतुलज व यमुना के पथ रेखांकित किए गए हैं। 1893 में इस रिपोर्ट ने प्रसिद्ध भूवैज्ञानिक सीएफ ओल्ढ़म को प्रभावित किया। ओल्ढ़म ने इसी जर्नल में सरस्वती के भूगर्भ में उपस्थित होने की पुष्टि की है। साथ ही घग्गर और हकरा के सूखे पथों का भी ब्यौरा दिया है। ये नदियां पंजाब में बहती थीं। पंजाब की लोकश्रुतियों में आज भी ये नदियां विद्यमान हैं। इन्हीं नदियों के पथ पर एक समय सरस्वती बहती थी।

इसके बाद 1918 में टैसीटोरी, 1940-41 में औरेल स्टाइन और 1951-53 में अमलानंद घोष ने सरस्वती की खोज में अहम भूमिका निभाई। इन सब विद्वानों ने अपने निष्कर्षों में सिद्ध किया कि सरस्वती के विलोपन का मुख्य कारण सतलुज और यमुना की धार बदलना था। सतलुज की धार सरस्वती से अलग होकर सिंधु में जा मिली। लगभग इसी समय यमुना ने भी अपनी धारा का प्रवाह बदल दिया और वह पश्चिम में अपने बहने का रुख बदलकर पूर्व में बहकर गंगा में जा मिली। नतीजतन सरस्वती सूखती चली गई। हिमाचल प्रदेश में सिरमौर जिले के काला अंब के पास सरस्वती टियर फाल्ट का अध्ययन किया गया। अध्ययन के परिणाम में पाया कि हजारों साल पहले आए भूकंप के कारण यमुना और सतलुज ने अपने मार्ग बदल दिए थे। यमुना पूरब में बहती हुई दिल्ली पहुंच गई और सतलुज पश्चिम होते हुए सिंधु नदी में जा मिली। जबकि पहले इन दोनों नदियों का पानी सरस्वती में मिलकर हरियाणा, राजस्थान व गुजरात होते हुए कच्छ में मिलता था। अवशेषीय अध्ययन के बाद ओएनजीसी ने राजस्थान के जैसलमेर से सात किलोमीटर दूर जमीन में करीब 550 मीटर तक गहरा छेद किया। यहां 7600 लीटर प्रति घंटे की दर से स्वच्छ जल निकला। अध्ययन में पता चला कि हरियाणा व राजस्थान में करीब 200 स्थलों पर सरस्वती के पानी के निशान हैं। डीग में एक बार फिर सरस्वती के नए प्रमाण मिलने से इसके ऋग्वैदिक अस्तित्व को प्रामाणिकता मिली है।

पाखंड और विज्ञान
सोनम लववंशी



# दो विरोधाभासी ध्रुवों पर खड़ा दिखाई दे रहा हमारा समाज

हम 21वीं सदी में विज्ञान, तकनीक, शिक्षा और वैश्विक उपलब्धियों के नए कीर्तिमान गढ़ते जा रहे हैं। मंगल तक मानव ने कदम बढ़ा दिए हैं, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और जेनेटिक इंजीनियरिंग जैसी क्रांतिकारी खोजें मानवीय सभ्यता के विकास की मिसाल बन चुकी हैं। लेकिन इसी विज्ञान युग में जब यह खबर आती है कि एक गांव में डायन के शक में पांच लोगों को मार डाला गया, या किसी युवक की बलि तांत्रिक अनुष्ठान में दी गई, तो सवाल खड़ा होता है कि क्या हम वाकई 21वीं सदी में जी रहे हैं? भारत आज भी दो विरोधाभासी ध्रुवों पर खड़ा दिखाई देता है। एक ओर तकनीकी दक्षता का वैश्विक दावा, दूसरी ओर सामाजिक चेतना का अंधकार। इन खबरों ने यह साफ कर दिया है कि अंधविश्वास की जड़ें कितनी गहरी हैं जिसे केवल कानून या शिक्षा से उखाड़ पाना कठिन है। विडंबना यह है कि पढ़ा-लिखा तबका भी अंधविश्वास के दलदल में लिथड़ा हुआ है। विज्ञान को 'बेबुनियाद' और 'धर्म विरोधी' कहने वाले लोग आज भी जादू-टोने, तंत्र-मंत्र, ग्रह-नक्षत्रों और बाबाओं के पास समाधान खोजते नजर आते हैं। यह कोई नई बात नहीं कि अंधविश्वास भारत में केवल ग्रामीण या अशिक्षित क्षेत्रों तक सीमित रहा है। शहरी और शिक्षित समाज भी इस मानसिक गुलामी से मुक्त नहीं है। टीवी चैनलों पर प्रसारित होने वाले 'भूत-प्रेत' और 'तांत्रिक' धारावाहिकों से लेकर बड़े-बड़े बाबाओं के विशाल साम्राज्य तक, सब इस प्रवृत्ति को खाद-पानी दे रहे हैं। अनुयायी यह मानते हैं कि उनके बाबा के पास ऐसी 'अलौकिक शक्तियां' हैं जो उनके हर संकट को दूर कर सकती हैं, जबकि सच यह है कि बाबा स्वयं अपने संकट तक नहीं दूर कर पाते। यदि उनके पास ऐसी शक्तियां होतीं तो वे वर्षों तक जेल में न होते, या अपने 'चमत्कारों' से वहां से बाहर निकल आते। बीते दिनों मध्यप्रदेश के एक शांत से दिखने वाले गांव में एक युवक का सिर एक चबूतरे पर रखा मिला। धड़ थोड़ी दूरी पर पड़ी थी। पुलिस पहुंची, जांच की, और पाया कि वहां तांत्रिक क्रियाओं में प्रयुक्त सामग्री बिखरी पड़ी थी। वहां मौजूद हर वस्तु चीख-चीख कर कह रही थी कि यह हत्या नहीं, नरबलि थी। इक्कीसवीं सदी के भारत में नरबलि! कल्पना कीजिए उस मां की जो बेटे के लिए रात भर प्रतीक्षा कर रही होगी। कल्पना कीजिए उस बहन की जो राखी का धागा लिए अपने भाई की कलाई ढूंढ़ रही होगी। यह आज के भारत की वह चुभती हुई सच्चाई है जिसे देखकर रूह भी कांप जाती हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि 2000 से 2021 के बीच करीब 3000 से अधिक हत्याएं डायन के शक में कर दी गईं। इनमें अकेले झारखंड में 593 मामले दर्ज हुए। मध्यप्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार और असम, इन सभी राज्यों में हर साल दर्जनों महिलाओं को समाज की क्रूरता निगल जाती है, क्योंकि उन्होंने विरोध किया, संपत्ति रखी, या फिर बस इसलिए क्योंकि वे अकेली थीं। हर बार एक जैसी कहानी गांव में कोई बीमार हुआ, फसल नष्ट हुई, या किसी की मौत हो गई। और कोई 'बुजुर्ग' पुरुष बोल उठा, "यह सब उसकी वजह से हुआ है।" फिर क्या भीड़ ने तय कर लिया कि वह डायन है। उसे घसीटा गया, पीटा गया, सिर मुंडवा दिया गया, नंगा किया गया, पत्थरों से मारा गया। ऐसा नहीं है कि सरकार ने इन घटनाओं के खिलाफ कदम नहीं उठाए। कानून बने। झारखंड में 'डायन प्रथा उन्मूलन अधिनियम', ओडिशा में 'द ओडिशा प्रिवेंशन ऑफ विच-हंटिंग एक्ट', असम में भी 2015 में एक कठोर कानून पारित हुआ। लेकिन क्या कानून उस औरत को बचा पाएगा जिसे गांव वालों ने अपने घर से जिंदा खींच लिया था? क्या कानून उस बच्चे की जान लौटा पाएगा जिसे बलि की बेदी चढ़ा दिया गया? 2010 में महाराष्ट्र के अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के संस्थापक डॉ. नरेंद्र दाभोलकर ने लिखा था "अंधविश्वास सिर्फ अज्ञानता नहीं, यह हिंसा है।" और वे खुद इसी अंधविश्वास के खिलाफ आवाज उठाने की सजा के रूप में 2013 में पुणे की सड़क पर गोली से छलनी कर दिए गए। भारत का भविष्य इस पर निर्भर करता है कि हम इस पाखंड से कब उबरेंगे।


# कुसंगति त्यागे, धर्मबुद्धि जागे



संकलित
दर्शन

आम और नीम दोनों की मूल जमीन में एकत्रित होने से नीम के संसर्ग में आम भी नीमपन को प्राप्त करता है। अर्थात दुर्जन की संगत से प्रायः सज्जन भी दुर्जन हो जाता है। इस बात पर यदि थोड़ा विचार किया जाए तो प्रश्न यह उठता है कि दुर्जन का प्रभाव ही क्यों पड़ता है? सज्जन का प्रभाव क्यों नहीं पड़ता। आम भी कड़वा क्यों होता है? नीम मीठा क्यों होता नहीं ? इसके पीछे यही कारण है कि सज्जन का हृदय बहुत कोमल होता है, जबकि दुर्जन कठोर हृदय का होता है। सज्जन तो खरबूजे की भांति होता है और दुर्जन चाकू की भांति। चाकू चाहे खरबूजे पर पड़े या खरबूजा चाकू के ऊपर, कटना तो खरबूजे को ही पड़ता है इसलिए सज्जन को सदैव सजग होकर रहना चाहिए। मनुष्य का अहित जितना दुश्मन नहीं करता उतना उसका अविवेक कर बैठता है। महान उपन्यासकार बाबू बंकिमचन्द्र ने एक जगह लिखा है कि मनुष्य का विशेष अहित उनके स्नेहीजन ही कर सकते है। विवेकहीन माता-पिता धर्म भावना वाली संतान को धर्म से विमुख करके उसे विषय वासना के गर्त में डाल सकते हैं। वर्तमान युग में देखा जा रहा है कि माता पिता अपनी संतान को धनवान बनाने की भावना रखते हैं मगर धर्मवान बनाने की ओर उनका ध्यान नहीं जाता है। वे अपनी संतान को सुसंस्कारित करने की ओर और ध्यान नहीं दे पाते। जिसमें स्वयं संस्कारो का अभाव होता है ,वे भला दूसरों को संस्कारित कैसे कर सकते हैं।


# पति-पत्नी के बीच अविश्वास नहीं होना चाहिए



संकलित
प्रेरणा

शिव जी और सती को रास्ते में श्रीराम दिखाई दिए। श्रीराम सीता के वियोग में रो रहे थे। शिव जी ने श्रीराम को दूर से ही प्रणाम किया और देवी सती से कहा कि तुम भी भगवान को प्रणाम करो। सती ने सोचा कि जो व्यक्ति रो रहा है, वह भगवान कैसे हो सकता है। शिव जी ने समझाया कि आप श्रीराम पर संदेह न करें, वे भगवान ही हैं। शिव जी तो वहां से चले गए, लेकिन देवी सती ने सोचा कि वे श्रीराम की परीक्षा लेंगी। ऐसा सोचकर वे सीता का रूप धारण करके श्रीराम के सामने पहुंच गईं। श्रीराम ने उन्हें पहचान लिया, प्रणाम किया और पूछा कि देवी आप अकेली आई हैं, भगवान शिव कहां हैं। श्रीराम की बात सुनकर सती लज्जित हो गईं और चुपचाप शिव जी के पास लौट आईं। इसके बाद शिव जी ने देवी सती का मानसिक त्याग कर दिया था। इस घटना के कुछ समय बाद देवी सती के पिता ने एक यज्ञ का आयोजन किया था। यज्ञ में दक्ष ने शिव-सती को छोड़कर सभी देवी-देवताओं को बुलाया था। जब ये बात सती को मालूम हुई तो उन्होंने शिव जी से पिता के यहां जाने की अनुमति मांगी। शिव जी ने सती को समझाया कि हमें ऐसे आयोजन में बिना बुलाए नहीं जाना चाहिए, लेकिन सती ने शिव जी की बात नहीं मानी और पिता के यहां यज्ञ में चली गईं। सती जब यज्ञ स्थल पर पहुंची तो दक्ष ने सती के सामने ही शिव जी का अपमान करना शुरू कर दिया। सती ये सहन नहीं सकीं और यज्ञ कुंड में कूदकर देह त्याग दी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नशे से निपटने के लिए कारगर योजना बने

कौन परिवार चाहेगा कि हमारा बच्चा नशे से ग्रसित हो और नशा बेचने जैसी गतिविधियों में संलिप्त हो। तो हम यह कैसे मान सकते हैं कि उनके परिवारों को इस मानसिक प्रताडऩा के साथ-साथ उनको सरकारी योजनाओं से वंचित कर देंगे और साथ में उनका सामाजिक बहिष्कार कर देंगे। हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। हम यह भी नहीं कह सकते है कि सभी परिवार इसमें संलिप्त नहीं हैं, परंतु इसकी प्रतिशतता बहुत कम है। कुछ संस्थाएं अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के चक्कर में आए दिन समाचारपत्रों में खबर लगवा देती हैं कि यदि कोई भी ऐसे कार्य में संलिप्त पाया जाता है तो हम ऐसे परिवारों के सदस्यों को सभी सुविधाओं से वंचित कर देंगे। क्या हमने सोचा है कि जो परिवार पहले ही अपने परिवार के सदस्य के बर्बाद होने का दंश झेल रहा हो, वो सामाजिक बहिष्कार को भी झेल पाएगा?

*- मदन कश्यप, बेमेतरा*

## करंट अफेयर

### पाकिस्तान में इमरान खान की रिहाई के लिए आंदोलन शुरू

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री की रिहाई की मांग को लेकर 'इमरान खान को आजाद करो' आंदोलन शुरू किया है। पार्टी ने रविवार को यह जानकारी दी। हालांकि, पुलिस ने अनौपचारिक रूप से शुरू किए गए इस आंदोलन में पार्टी कार्यकर्ताओं को शामिल होने से रोकने के लिए कई गिरफ्तारियां की हैं। आंदोलन की यह अनौपचारिक शुरुआत पार्टी की पूर्व घोषित तिथि पांच अगस्त से एक महीने से भी कम समय पहले हुई है। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री और पार्टी के प्रमुख नेता अली अमीन गंडापुर पार्टी नेताओं के साथ शनिवार देर रात लाहौर पहुंचे



## ऑफ बीट

### एआई वाकई उत्पादकता बढ़ाता है? सबूत अस्पष्ट

सरल शब्दों में कहें तो उत्पादकता यह है कि हम एक निश्चित मात्रा में सामग्रियों से कितना उत्पादन कर सकते हैं। यह इसलिए महत्वपूर्ण है कि उच्च उत्पादकता आमतौर पर उच्च जीवन स्तर में परिवर्तित होती है। पिछले तीन दशकों में उत्पादकता वृद्धि ऑस्ट्रेलिया की आय वृद्धि का 80 प्रतिशत हिस्सा रही है। उत्पादकता को व्यक्तिगत, संगठनात्मक या राष्ट्रीय स्तर पर देखा जा सकता है। आपकी व्यक्तिगत उत्पादकता इस बात पर निर्भर करती है कि आप कार्यों को पूरा करने के लिए अपने समय और संसाधनों का कितनी कुशलता से प्रबंधन करते हैं। आप एक घंटे में कितने ईमेल का जवाब दे सकते हैं? आप एक दिन में कितने उत्पादों में खराबी की जांच कर सकते हैं?



## ट्रेंड

### योजनाओं का असर

यह हमारी सरकार की योजनाओं का असर ही है कि आज हर वर्ग के लोगों के पास आय का जरिया है और इसी के परिणामस्वरूप बीते 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### नीमराणा का विकास

आज बावड़ी के पास नीमराणा से हरियाणा सीमा तक बनाई जाने वाली सड़क का शिलान्यास कार्यक्रम विधिवत तरीके से नारियल फोड़कर किया। बिजली, पानी और सड़क की बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित कर हम नीमराणा के विकास को गति देने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

-भूपेन्द्र यादव, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री



### अभिनेता राव को श्रद्धांजलि

पद्मश्री पुरस्कार विजेता और अपनी अभिनय प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाले दिग्गज तेलुगु अभिनेता कोटा श्रीनिवास राव को मेरी श्रद्धांजलि। मैं उनके परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।

-एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश



### बारिश को गंभीरता से लें

सरकार से आग्रह है कि वो बारिश को गंभीरता से ले। सही शासनिक-प्रशासनिक प्रयासों से हादसों को टाला जा सकता है। ये किसी की ज़िंदगी का सवाल भी हो सकता है। सरकार की बदइंतज़ामी का ख़ामियाज़ा जनता को भुगतना पड़ रहा है।

-अखिलेश यादव, सांसद, सपा



## संक्षेप

### नकली नेपाली नोटों वा मादक पदार्थ अफीम के कारोबार मे संलिप्त संगठन के पांच आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच नेपाल पुलिस ने नकली नेपाली नोट और मादक पदार्थ अफीम के अवैध कारोबार में संलिप्त एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पाँच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में कुल 13 लाख 63 हजार नेपाली रुपये मूल्य के नकली एक हजार के नोट और करीब 30.672 किलोग्राम अफीम जैसा गीला पदार्थ बरामद किया गया। सुर्खेत जिले के बीरेन्द्रनगर नगरपालिका-10 स्थित शांति टोल से 22 वर्षीय दिलमाया सिंह ठकुरी को पहली गिरफ्तारी के रूप में 1000-1000 रुपये के छह नकली नोटों सहित पकड़ा गया। पूछताछ और जांच के आधार पर उसी दिन दिलमाया के सहयोगी 33 वर्षीय रामबहादुर सिंह को पकड़ा गया, और उनके किराये के कमरे से छिपाकर रखे गए 1236 नकली नोट (कुल 12 लाख 36 हजार रुपये) भी बरामद किए गए। अगली कड़ी में भेरीगंगा नगरपालिका-12, ठकुरी टोल में रहने वाले कृष्णबहादुर ओली (35 वर्ष) और प्रेमबहादुर बी.के. (38 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से 11 पैकेटों में छिपाकर रखा गया अफीम जैसा 11.372 किलोग्राम गीला पदार्थ मिला। इसके बाद, बाँके जिले के कोहलपुर नगरपालिका-11 स्थित न्यूरोड में ह्यजनगर्जन नेटवर्क प्रा. लि.ह्न चला रहे 34 वर्षीय मनबहादुर सहकारी को हिरासत में लिया गया, जिनके कार्यालय और आवास की तलाशी में 51 हजार रुपये के नकली नोट, 19.3 किलोग्राम अफीम जैसे पदार्थ तथा नकली नोट छापने में उपयोग होने वाला प्रिंटर, कम्प्यूटर, कार्ड रीडर, मेमोरी चिप, कैमरा समेत उपकरण जब्त किए गए। गिरफ्तार सभी आरोपियों पर नकली मुद्रा निर्माण व उपयोग, मादक पदार्थ की तस्करी और संगठित अपराध की धाराओं में कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

### डकैती के मास्टरमाइंड समेत 3 बदमाशों पर कार्रवाई

#### एसपी ने विपिन सिंह और साथियों पर रासुका लगाया, करोड़ों की डकैती में शामिल थे

सुलतानपुर, पुलिस ने सोमवार को डकैती के मुख्य आरोपी विपिन सिंह समेत तीन अपराधियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्रवाई की है। यह कार्रवाई एसपी कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर की गई। अमेठी के भवानीनगर निवासी विपिन सिंह पांच जिलों में 35 से अधिक आपराधिक मामलों में वांछित है। सुलतानपुर, अमेठी, लखनऊ, जौनपुर, फतेहपुर, बाराबंकी और रायबरेली में इसके खिलाफ डकैती, हत्या का प्रयास, लूट के मामले दर्ज हैं। विपिन 2007 से अपराधिक गतिविधियों में सक्रिय है। रायबरेली के डीह नयापुरवा निवासी दुर्गेश प्रताप सिंह पर भी रासुका लगाया गया है। इस पर 2024 और 2025 में चार मामले दर्ज हैं। जौनपुर के लारपुर गांव के अजय यादव उर्फ डीएम के खिलाफ 9 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें हत्या का प्रयास, डकैती और चोरी शामिल हैं।

# जानलेवा कुत्तों के बंध्याकरण हेतु सक्रिय हुईं टीमें

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले के विकास खण्ड शिवपुर निहित ग्राम खम्हरिया में 12 वर्षीय बालक को कुत्तों के झुंड द्वारा नोचकर घायल करने की घटना के दृष्टिगत जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर प्रभावित क्षेत्र में पशुपालन, वन व ग्राम्य विकास विभाग की टीमें सक्रिय होकर श्वान नस्ल के आक्रामक कुत्तों को पकड़ कर बधियाकरण कर उन्हें आबादी वाले क्षेत्रों से दूर विस्थापित करने की कार्यवाही की जा रही है। टीमों को निर्देश दिया गया कि ग्राम में अभियान के दौरान ग्रामवासियों को पालतू पशुओं के शवों का सुरक्षित तरीके से निस्तारण करने के लिए जागरूक किया जाय। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय ने बताया कि उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी सदर डॉ. इस्लामुद्दीन के नेतृत्व में 02 टीमें गठित की गई है। डॉ. उपाध्याय ने बताया कि प्रथम टीम में पशुचिकित्साधिकार, शिवपुर डॉ. मनोज कुमार व कटरा बहादुरगंज के डॉ. अतुल मौर्य तथा द्वितीय टीम में पशुचिकित्साधिकार, चित्तौरा डॉ. कुलदीप व बाबागंज के डॉ. राजेश कुमार को नामित किया गया है। सम्बन्धित टीमों को निर्देश दिया गया है कि घटना क्रम की संवेदनशीलता के दृष्टिगत विकास खण्ड शिवपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायतों द्वारा पकड़े जाने वाले कुत्तों का बधियाकरण करते हुए बीडीओ शिवपुर से समन्वय स्थापित कर ग्राम पंचायतों के माध्यम से दूरस्थ जंगल क्षेत्रों में आक्रामक कुत्तों को विस्थापित कराया जाय। ताकि जनमानस के मध्य हो रही अप्रिय घटना ओं पर तत्काल रोक लग सकें। उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर जिला विकास अधिकारी राज कुमार व मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय द्वारा मंगलवार को सांय लगभग 04:00 बजे विकास खण्ड शिवपुर के ग्राम पचायत रखौना स्थित घटना स्थल पर पहुंचकर उपस्थित मजरा कम्हरिया नि. परमहंस पाण्डेय, ग्राम पंचायत मटेराकला नि. देवीशरण वर्मा, कुलदीप वर्मा व सरोज कुमार वर्मा, रखौना नि. राम दुलारे,



कम्हरिया रखौना नि. भीखू तथा ग्राम पंचायत सेमरिया के प्रधान अनिल कुमार मौर्या व अन्य लोगों से अलग-अलग बयान दर्ज किये गये। ग्रामवासियों द्वारा घटना के सम्बन्ध में दिये गये बयानों से स्पष्ट हुआ कि ग्रामवासियों द्वारा पालतू पशुओं की मृत्यु के उपरान्त उनके शरीर को गांव से बाहर कुछ दूरी पर डाल दिया जाता है। जिसे गांव के बाहर के आवारा कुत्ते नोंच नोच कर खाते है जिस कारण उन कुत्तों में जानवर इत्यादि का मांस खाने के कारण उनकी प्रवृत्ति आदमखोर हो जाने के कारण वह अक्सर ग्रामवासियो पर हमला करके उनको घायल कर देते है। 12 वर्षीय बालक के सम्बन्ध में हुई घटना के सम्बन्ध में ग्रामवासियों व प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा जानकारी दी गई कि 02 बच्चे गांव के करीब 01 कि.मी. दूर अकेले प्रातः 06.00 बजे खेत मे गये थे। उनमें से एक बच्चे पर कुत्ते ने हमला कर दिया। कुत्तों के हमले से भयभीत होकर दूसरा बच्चा भाग निकला। ग्राम पंचायत मटेराकला निवासी देवीशरण वर्मा ने बताया कि घटना स्थल से भाग रहे बच्चे द्वारा बताया गया कि दूसरे बच्चे को कुत्ते काट रहे हैं। यह जानकारी होने पर देवीशरण पेड़ की टहनी लेकर घटना स्थल पर पहुंचकर कुत्तों को भगाया तथा ग्रामवासियों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि घटना की जानकारी होने पर बीडीओ व पशु चिकित्साधिकारी शिवपुर सीएचसी पहुंचे जहां पर स्वास्थ्य की गम्भीरता को दृष्टिगत रखते हुए घायल बच्चे को जिला मुख्यालय हेतु रिफर किया जा चुका था। हालांकि अभी भी क्षेत्र मे आतंकी कुत्तों का लोगों मे भय बना हुआ है।

# हल्की बारिश में ही तहसील परिसर तालाब में तब्दील

## जल संरक्षण के मुंह पर तमाचा, तहसील की पानी टोंटी से हमेशा बहता रहता जल

### तहसील प्रशासन के साथ साथ नगर पंचायत बना बेपरवाह

### पानी खराब होने के साथ-साथ तहसील में कीचड़ का है भरमार

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। जनपद बहराइच के तहसील कैसरगंज में जरा सी बारिश होने के बाद नई तहसील परिसर पूरा जल भराव का शिकार हो जाता है और तालाब का रूप ले लेता है। जिससे वहां पर आई हुई क्षेत्र की जनता, अधिवक्ता तथा वादकारियों को कीचड़, संक्रामक बीमारियों का शिकार होना पड़ सकता है। इसी समस्या में भारी सहयोग करती वहां पानी टंकी के नजदीक एक टोटी लगी है जिससे हमेशा पानी बाहर निकलता रहता है और तहसील को तालाब में तब्दील करने में पूर्ण सहयोग कर रही है और जल संरक्षण अभियानों की धज्जियां उड़ रही है तथा जल संरक्षण विभाग के कानों में जूं तक नहीं रेंग रहा है। जबकि 16 से 22 तक भूजल संरक्षण मनाया जाएगा। दूसरे तरफ तहसील प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी जिनका उसी रास्ते से हमेशा आना-जाना रहता है वह भी उक्त समस्याओं को देखकर नजरअंदाज करते हैं ऐसा प्रतीत होता है। क्योंकि अगर ऐसा नहीं है तो इस समस्या का निराकरण अब तक क्यों नहीं हुआ है। अब देखना यह है की खबर प्रकाशित होने के पश्चात इस समस्या का निराकरण होगा या फिर ऐसे संबंधित विभाग नजरअंदाज करता रहेगा। नगर पंचायत अधिशासी अभियंता कैसरगंज ने बताया कि जानकारी मिली है कि समस्या का समाधान कराया जा रहा है।

# स्कूल चलो अभियान की रैली का द्वितीय चरण का आगाज

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। बहराइच तहसील परिसर महसी से स्कूल चलो अभियान रैली के द्वितीय चरण का शुभारंभ विधायक महसी सुरेश्वर सिंह द्वारा हरी झंडी दिखा कर किया गया। रैली का नेतृत्व अखंड प्रताप सिंह गोलू भैया, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि तेजवापुर रमाकर पांडेय, दिवाकर पांडेय, राम निवास जैसवाल, अरुणेंद्र सिंह अंकित, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बहराइच आशीष कुमार सिंह, तहसीलदार महसी अनुराग कुमार मिश्र, अजीत कुमार मिश्र, राम तिलक, रणजीत कुमार सहित समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी महसी व खंड विकास अधिकारी तेजवापुर के साथ समस्त शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने किया। रैली तहसील महसी से चलकर ब्लॉक संसाधन केंद्र तजवापुर पहुंच कर सभा में परिवर्तित हो गई। रैली तहसील परिसर से शुरू होकर बाजपेयी पुरवा, कपूरपुर, पन्नह, रमपुरवा, गौरीशंकर पुरवा, उत्तम नगर चौराहा, बड़नापुर बाजार से होते हुए ब्लॉक संसाधन केंद्र तेजवापुर में सम्पन्न हुई। समापन समारोह की शुरूआत मां सरस्वती की पूजन से हुई। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक श्री सिंह ने सभी अभिभावकों को नामांकन बढ़ाने, समुदाय के साथ समन्वय स्थापित करने तथा सभी बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थित सुनिश्चित करने का आह्वान किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने आशीष कुमार सिंह ने विधायक महसी का आभार प्रकट करते हुए आये हुए सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी महसी जगन्नाथ यादव व खंड शिक्षा अधिकारी तजवापुर सुंदर लाल रावत की देखरेख में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम संचालन प्रद्युम्न कुमार पांडेय ने किया।

# खाद की 58 दुकानों पर छापेमारी, 21 नमूने भरे, 6 को नोटिस, एक का लाइसेंस निलंबित

## डीएम द्वारा गठित 6 टीमों ने की छापेमारी

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। खाद की काला बाजारी रोकने तथा किसानों को उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने के लिए कृषि मंत्री लगातार प्रदेश में छापेमारी कर रहे हैं कई दुकानदारों पर कार्यवाही भी हुई है। इसी क्रम में जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा गठित छः टीमों ने जिले की 58 उर्वरक की दुकानों पर छापेमारी करते हुए 21 नमूने भरे 6 को नोटिस जारी किया और एक का लाइसेंस निलंबित किया। औचक छापेमारी और कार्यवाही से उर्वरक विक्रेताओं में हड़कंप रहा कई दुकानदार दुकान बंद कर खिसक गए। डीएम द्वारा गठित 6 टीमों मे जिला कृषि अधिकारी डॉ सुबेदार यादव द्वारा मिहीपुरवा एवं नानपारा तहसील में, उप कृषि निदेशक



द्वारा सदर, भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा पयागपुर, जिला कृषि रक्षा अधिकारी प्रिया नंदा द्वारा कैसरगंज एवं अपर जिला कृषि अधिकारी ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा महसी में छापेमारी अभियान चलाया गया। सभी टीमों द्वारा कुल 58 दुकानों पर छापेमारी कर संदिग्धता प्रतीत होने पर 21 नमूने ग्रहण कर प्रयोगशाला में जांच हेतु भेजा गया। जिला कृषि अधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान बिक्री एवं स्टाफ में अनियमित पाए जाने के कारण जायसवाल खाद भंडार चफारिया बाजार का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। दुकान बंद करके भाग जाने के कारण आलोक फर्टिलाइजर्स चफारिया बाजार, जनता खाद एवं बीज भंडार सुजौली सहित 6 विक्रेताओं को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। जिला कृषि अधिकारी द्वारा समस्त उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि सभी उर्वरक विक्रेता पोस मशीन से आधार कार्ड से खेतौनी को चेक करते हुए शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर उर्वरक की बिक्री करें । उर्वरक वितरण के साथ-साथ स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर स्टॉक एवं उर्वरक खरीदने वाले का रिकॉर्ड प्रतिदिन प्रतिदिन तैयार कर उर्वरक की बिक्री करें। जिला कृषि अधिकारी डॉ सूबेदार सूबेदार ने बताया कि शासन की निर्देश पर जिले में छापेमारी की गई है अनियमितता मिलने पर एक का लाइसेंस के नीलंबित किया गया है लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई जारी रहेगी।

# कृषि विज्ञान केंद्र पर मनाया गया भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का 97 वां स्थापना दिवस

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। आचार्य नरेंद्रदेव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच-प्रथम के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉक्टर सीपीएन. गौतम के दिशा निर्देशन में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का 97वां स्थापना दिवस मनाया गया। डॉ. गौतम ने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) भारत सरकार के कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के तहत एक स्वायत्तशासी संगठन है, जो कृषि अनुसंधान और शिक्षा के समन्वय, मार्गदर्शन और प्रबंधन के लिए शीर्ष निकाय है. 16 जुलाई 1929 को स्थापित, आईसीएआर का मुख्यालय नई दिल्ली में है और देश भर में इसके 101 संस्थान और 71 कृषि विश्वविद्यालय हैं. यह कृषि, बागवानी, मत्स्य पालन और पशु विज्ञान सहित विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान और शिक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नई प्रौद्योगिकियों का विकास, कृषि क्षेत्र में मानव संसाधन विकास, कृषि से संबंधित नीतियों और कार्यक्रमों को विकसित करना है। दयाशंकर सिंह अध्यक्ष किसान उत्पादक संगठन उत्तर प्रदेश ने किसानों को बताया कि किसान उत्पादक संगठन के माध्यम से किसानों खुद को सशक्त बना सकते हैं। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. शैलेन्द्र सिंह, डॉ. नंदन सिंह, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. शैलजा और डॉ. अरुण राजभर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। साथ समूह पंक्ति प्रदर्शन में किसानों को तिल के बीज भी वितरित किए गए।

# 15 किमी दूर से महज कागजों पर हो रहा आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन

## नन्हे बच्चों के भविष्य को गर्त में धकेलने वालों पर कब चलेगा प्रशासन का चाबुक

अमन लेखनी समाचार/आर एन तिवारी

शिवपुर, बहराइच। आंगनबाड़ी केंद्र का नहीं हो रहा संचालन, 15 किमी दूर रहकर कागजो पर नौकरी कर प्रशासन को कर रहे गुमराह। खबर है कि जनपद बहराइच के विकासखंड शिवपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर धोबिया हार में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा एक भी केंद्र संचालित नहीं किया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आंगनबाड़ी कार्यकत्री आभा देवी व अरुण द्विवेदी महज रामपुर धोबिया से कागजों पर नौकरी करती हैं, जबकि मूलतः नानपारा में रहते हैं। प्रशासन को गुमराह करने के उद्देश्य से कभी कभी नानपारा से रामपुर आकर महज कागजात कंप्लीट कर वापस चले जाते हैं। केंद्र ना लगने से नवनिहालों का भविष्य गर्त में तो जा ही रहा है वहीं डबल इंजन सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं पर भी पलीता



लगा रहे हैं ऐसे कार्मिक। केंद्र क्यों नहीं लग रहा है इस संबंध में जब आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पति रत्नाकर द्विवेदी से बात की गई तो वह भड़क उठे उन्होंने कहा है जो करना है कर लीजिए, हम ना कभी केंद्र लगाए हैं ना लगाएंगे, मेरी ऊपर तक पावर है तथा संबंधितों को माल खिलाते हैं। हमें परेशान करोगे तो मुकदमा लिखवा देंगे। अब सवाल यह उठता है कि क्या गांधी छाप के बदौलत 15 किलोमीटर दूर रहकर कर रहे हैं यह नौकरी? ऐसे मे क्यों कर लगे आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का केंद्र। 0 से 3 वर्ष और तीन से पांच वर्ष तक के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे ऐसे आंगनबाड़ी कार्यकत्री। सूत्रों से पता चला कि मानक पात्र बच्चों को पुष्टाहार भी नहीं मिलता है। इस संबंध में जब सीडीपीओ रामसूरत मौर्या को दूरभाष पर संपर्क किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। क्या सीडीपीओ की भी है संलिप्तता? अब देखना यह है क्या प्रशासन को गुमराह कर कागजों पर नौकरी करने वालों की विरुद्ध होगी कार्यवाही या ऐसे ही नन्हे मुन्ने बच्चों के भविष्य के साथ खेलते रहेंगे ऐसे कर्मिक।

# दिल्ली से चोरी का माल लेकर लौटे 6 नेपाली गिरफ्तार

## कोहलपुर होटल से बरामद हुए 15 तोला सोना और 7.87 लाख नकद

अमन लेखनी समाचार/मोहम्मद कौशर



रुपईडीहा, बहराइच। दिल्ली में की गई चोरी के बाद नेपाल लौटे छह लोगों को बाँके पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों के पास से करीब 15 तोला 25 लाल पत्थर जड़े सोने के गहने और नेपाली 7 लाख 87 हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस को विशेष सूचना मिली थी कि भारत में चोरी कर कुछ लोग कोहलपुर नगरपालिका वार्ड नंबर-11 स्थित ह्यहोटल न्यू कालिकोटेह्न में कमरा लेकर रुके हैं। सूचना के आधार पर इलाका प्रहरी कार्यालय कोहलपुर से प्रहरी निरीक्षक (प्र.नि.) रेशमलाल पौडेल के नेतृत्व में 7 सदस्यीय टीम होटल भेजी गई। पुलिस जब होटल के कमरे नंबर 008 में पहुंची, तो वहां छह व्यक्ति मौजूद थे। उनकी तलाशी लेने पर बड़ी मात्रा में सोने के आभूषण और नगद रकम बरामद हुई। पूछताछ में पुष्टि हुई कि उक्त धन और गहने भारत से चोरी कर नेपाल लाए गए थे। पकड़े गए लोगों में कालिकोट जिले के मनबहादुर शाही, तेजबहादुर शाही (दोनों रासकोट नगरपालिका वार्ड-1), पंकज के.सी. और प्रेमबहादुर खत्री (दोनों सान्नी त्रिवेणी गाउँपालिका वार्ड-8), सरिता शाही (नरहरिनाथ गाउँपालिका वार्ड-9) और अनिता खत्री (सान्नी त्रिवेणी गाउँपालिका वार्ड-8) शामिल हैं। पुलिस ने सभी को हिरासत में लेकर इलाका प्रहरी कार्यालय कोहलपुर में रखा है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।


# नकली नेपाली नोटों वा मादक पदार्थ अफीम के कारोबार मे संलिप्त संगठन के पांच आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच नेपाल पुलिस ने नकली नेपाली नोट और मादक पदार्थ अफीम के अवैध कारोबार में संलिप्त एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पाँच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में कुल 13 लाख 63 हजार नेपाली रुपये मूल्य के नकली एक हजार के नोट और करीब 30.672 किलोग्राम अफीम जैसा गीला पदार्थ बरामद किया गया। सुर्खेत जिले के बीरेन्द्रनगर नगरपालिका-10 स्थित शांति टोल से 22 वर्षीय दिलमाया सिंह ठकुरी को पहली गिरफ्तारी के रूप में 1000-1000 रुपये के छह नकली नोटों सहित पकड़ा गया। पूछताछ और जांच के आधार पर उसी दिन दिलमाया के सहयोगी 33 वर्षीय रामबहादुर सिंह को पकड़ा गया, और उनके किराये के कमरे से छिपाकर रखे गए 1236 नकली नोट (कुल 12 लाख 36 हजार रुपये) भी बरामद किए गए। अगली कड़ी में भेरीगंगा नगरपालिका-12, ठकुरी टोल में रहने वाले कृष्णबहादुर ओली (35 वर्ष) और प्रेमबहादुर बी.के. (38 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से 11 पैकेटों में छिपाकर रखा गया अफीम जैसा 11.372 किलोग्राम गीला पदार्थ मिला। इसके बाद, बाँके जिले के कोहलपुर नगरपालिका-11 स्थित न्यूरोड में ह्यजनगर्जन नेटवर्क प्रा. लि.ह्न चला रहे 34 वर्षीय मनबहादुर सहकारी को हिरासत में लिया गया, जिनके कार्यालय और आवास की तलाशी में 51 हजार रुपये के नकली नोट, 19.3 किलोग्राम अफीम जैसे पदार्थ तथा नकली नोट छापने में उपयोग होने वाला प्रिंटर, कम्प्यूटर, कार्ड रीडर, मेमोरी चिप, कैमरा समेत उपकरण जब्त किए गए। गिरफ्तार सभी आरोपियों पर नकली मुद्रा निर्माण व उपयोग, मादक पदार्थ की तस्करी और संगठित अपराध की धाराओं में कानूनी कार्यवाही की जा रही है।


# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ किसान दिवस

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। कृषकों की समस्याओं के निराकरण हेतु विकास भवन सभागार में आयोजित किसान दिवस की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि धान की रोपाई के दृष्टिगत निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करायी जाय। यदि कहीं पर फाल्ट की समस्या की सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल मौके पर पहुंचकर फाल्ट को दुरूस्त कराकर विद्युत आपूर्ति बदहाल की जाय। ताकि किसानों को धान की रोपाई में किसी प्रकार की समस्या न आने पाये। सीडीओ ने कृषि विभाग व सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में पर्याप्त उर्वरक की व्यवस्था सुनिश्चित कराये ताकि किसानों को किसी प्रकार उर्वरक प्राप्त होने में कोई समस्या न हो। साथ ही यह भी सुनिश्चित कराये कि ओवर रेटिंग की शिकायत न प्राप्त हो। यदि कहीं से शिकायत प्राप्त होती है तो तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक जाचोपरान्त नियमानुसार सम्बन्धित विक्रेताओं के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाय। यदि कोई विक्रेता उर्वरकों की बोरी के साथ टैगिंग करके खाद्य बिक्री की शिकायत प्राप्त होती है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया कि जिले में लगातार भ्रमणशील रहकर ऐसे विक्रेताओं के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करें।

आकांक्षी जनपद के किसानों का आहवान किया कि विषमुक्त प्राकृतिक खेती वर्तमान एवं भविष्य की जरूरत है। सीडीओ ने कहा कि अंधाधुंध रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अधिकाधिक प्रयोग से जहां धरा की उर्वरा शक्ति कम हो रही है वहीं पैदा होने वाली फसलें भी विषाक्त होने के कारण मानवजाति के स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है। जिसके कारण प्रति परिवारों पर चिकित्सा पर अनावश्यक धन व्यय हो रहा है जिसे प्राकृतिक खेती कर विषमुक्त खाद्यान्न उत्पादन कर रोकना होगा। सीडीओ ने कहा कि हमें गौवंश आधारित प्राकृतिक खेती को अपनाना होगा ताकि हमारे खेत की



मृदा स्वस्थ होकर हमें अच्छी व स्वस्थ उपज दे सकें। सीडीओ ने कहा कि कृषकों को अपनी सोंच में बदलाव लाना होगा। श्री अन्न तथा जैविक उत्पादों के प्रति आमजन में जागरूकता का संचार होने से विषमुक्त जैविक उत्पादों की मांग बढ़ ही नहीं रही है बल्कि रासायनिक उर्वरक के सहारे पैदा की गई उपज से अधिक मूल्य पर बिक भी रहे हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों द्वारा पैदा किये जा रहे जैविक उत्पादों के विपणन की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने जिले के एफपीओ को मल्टी नेशनल कम्पनी से सम्पर्क स्थापित कर विषमुक्त खाद्यान्न का उत्पादन एवं आपूर्ति कर आय बढ़ाये। उन्होनें किसानों तथा एफपीओ के निदेशकों को सलाह दिया कि आर्गेनिक उत्पाद विक्रय हेतु किसानों का लोकल स्तर पर ग्रुप तैयार करें तथा किसानों को मार्केटिंग तथा प्रोडेक्शन के बारे में आपेक्षित जानकारी प्राप्त कर उपलब्ध करायी जाय। कृषक उत्पादक संगठन के टेक्निकल सपोर्ट यूनिट के प्रभारी अरविन्द मिश्रा को निर्देश दिया कि जिले यूपी एफपीओ शक्ति पोर्टल पर एफपीओ से जुड़े किसानों का डाटा अद्यतन करना सुनिश्चित करें जिससे बड़ी कम्पनियां कृषकों के उत्पादन को क्रय कर सकें। सीडीओ ने किसानों का आहवान किया फसलों की सुरक्षा हेतु कीट नाशकों के स्थान पर लाईट ट्रैप का अधिक से अधिक उपयोग करें। लखनऊ से आये अधिकारी बृज मोहन सिंह ने आईपीएम प्रयोग के तरीके बताये। उन्होनें किसानों से कहा कि आईपीएम उपयोग कर फसलों एवं पौधों के कीट/रोग पर नियंत्रण किया जा सकता है तथा रसायनमुक्त खाद्यान्न उत्पादन कर आय वृद्धि की जा सकती है। उन्होनें उपस्थित एफपीओ तथा कृषकों से कहा कि वे कभी भी उनसे दूरभाष पर आईपीएम उपयोग की जानकारी प्राप्त कर सकते है। बैठक में उपस्थित किसानों के प्रश्नों के उत्तर भी दिये तथा उन्हें सलाह दिया कि बैगन, मिर्चा, खीरा, भिन्डी, लौकी आदि फसलों में रसायनों का उपयोग न किया जाय। उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा ने उपस्थित सभी एफपीओ को विषमुक्त खेती तथा कीट/रोग नियंत्रण हेतु लाइट ट्रैप के प्रयोग की सलाह दी। उन्होनें जिले के प्राकृतिक खेती कल्स्टर से जुड़े किसानों को विषमुक्त खेती को प्रत्येक दशा में अपनाने की सलाह दी। जिला कृषि अधिकारी बहराइच ने बैठक में उपस्थित किसानों को बताया कि यूरिया उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है शीघ्र ही एक-दो रैक आने वाली है जिससे और उपलब्धता हो जायेगी। बैठक में जनपद के एफपीओ एवं किसानों को मक्का रोपाई के लिए महराष्ट्र की स्ट्राटअप एग्रो स्योर कम्पनी द्वारा विकसित मैनुवल सीड ड्रिल का प्रदर्शन किया गया तथा इसकी विशेषता टेक्निकल स्पोर्ट यूनिट के अरविन्द मिश्रा द्वारा प्रदान की गयी। इस अवसर पर भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. सौरभ वर्मा, उपसंभागीय कृषि प्रसार अधिकारी सुधीर कुमार मिश्रा व शिशिर कुमार वर्मा, जिला गन्ना अधिकारी आनंद शुक्ला, लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र कुमार मसंद, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी, ए.आर. को-आपरेटिव संजीव कुमार तिवारी, को-आपरेटिव बैंक के महाप्रबन्धक शैलेन्द्र कुमार मिश्रा, के.वी.के बहराइच के डॉ. शैलेन्द्र सिंह एवं नानपारा के कृषि वैज्ञानिक, मण्डी सचिव धनंजय सिंह, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी रूपेश कुमार सिंह, जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड कैलाश जोशी एवं विद्युत नलकूप, लघु सिचाई सहित अन्य विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी, कृषक उत्पादक संगठनों के निदेशक मुन्ना लाल वर्मा, लालता प्रसाद गुप्ता, रूद्रसेन वर्मा, ओमपाल सिंह, संजय कुमार यादव, सगीर अहमद, राहुल सिंह, राम प्रवेश मौर्य, धमेन्द्र चौधरी, पेशकार पटेल, अनन्त प्रकाश मौर्य सहित अनेकों प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे।

# कैसरगंज में ग्रामीणों ने पकड़ा बकरा चोर

## ग्रामीणों ने चोर को पकड़ कर किया कैसरगंज पुलिस के हवाले

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज क्षेत्र में लगभग दो-तीन महीने से लगातार बकरा चोरी होने का सिलसिला जारी था। कैसरगंज पुलिस बकरा चोर को पकड़ने में 3 महीने से लगातार नाकाम रही लेकिन ग्रामीणों ने बुधवार के दिन बकरा चोर को पकड़ने में सफलता हासिल की। कैसरगंज क्षेत्र के कम से कम तीन दर्जन से अधिक लोगों के यहां से बकरा चोरी हुए थे। ग्रामीणों का आरोप है कि 3 महीने से लगातार कैसरगंज थाने का हम लोग चक्कर लगाते रहे लेकिन कैसरगंज की पुलिस बकरा चोर को ढूंढने में नाकाम रही। लेकिन ग्रामीणों के अथक प्रयास से बुधवार के दिन चोर को पकड़ने में ग्रामीणों को कामयाबी मिली। चोर को पकड़ कर कैसरगंज कोतवाली के हवाले कर दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि कैसरगंज सब इंस्पेक्टर ने लोगों को गाली देकर भगा दिया। पकड़े गए बकरा चोर थाना फखरपुर निवासी रिजवान पुत्र अज्ञात राजीव उद्दीन निवासी फखरपुर निवासी हैं।

## संक्षेप

### एमपीएस स्कूल में कर्मचारी की मौत

**भीगी सीढ़ियों से फिसलकर गिरा कारपेंटर, परिजनों का आरोप- देर से दी पुलिस को सूचना**

मेरठ, सदर बाजार क्षेत्र के वेस्ट एंड रोड स्थित एमपीएस स्कूल में एक दुखद घटना सामने आई है। स्कूल में पिछले 8-10 सालों से कारपेंटर का काम कर रहे 35 वर्षीय आजाद की सीढ़ियों से गिरकर मौत हो गई। घटना के समय स्कूल की सीढ़ियों पर बारिश का पानी जमा था। आजाद के सीढ़ियों से उतरते समय पैर फिसल गया। गंभीर चोटों के कारण उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मृतक के परिजनों का आरोप है कि स्कूल प्रशासन ने घटना की सूचना पुलिस को देर से दी। उनका कहना है कि अगर समय पर अस्पताल ले जाया जाता तो आजाद की जान बच सकती थी। परिजनों के हंगामे के बाद ही पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। सीओ कैंट संतोष कुमार सिंह ने बताया कि स्कूल प्रशासन और मृतक के परिजनों के बीच बातचीत चल रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। स्कूल प्रबंधक ने इस मामले में किसी भी तरह की टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

### कांवड़ यात्रा के लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

**चौधरी चरण सिंह मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बंद, कांवड़ियों को सुरक्षित निकलने की व्यवस्था**

सरधना, चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग पर कांवड़ियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। गंग नहर नानूपुल और दौराला पुल पर पुलिस बल बढ़ा दिया गया है। सुरक्षा के मद्देनजर वाहनों की आवाजाही को बैरिकेडिंग के जरिए नियंत्रित किया जा रहा है। कांवड़ियों को सुरक्षित निकालने के लिए सभी वाहनों को रोका जा रहा है। मेरठ-शामली हाईवे पर नानूपुल के पास भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। समय में भी सुरक्षा बनी रहे, इसके लिए पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की गई है। इससे आने-जाने वाले वाहनों पर नजर रखी जा सकेगी और कांवड़ियों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जा सकेगी।

### आजाद समाज पार्टी के भावी उम्मीदवार का सामाजिक कार्य

**अटेरणा शिविर और ठरहकी के रविदास भवन में पंखों का वितरण**

सरधना, आजाद समाज पार्टी के भावी उम्मीदवार मनोज पाल ने सामाजिक सहयोग की पहल की है। उन्होंने अटेरणा शिविर और ग्राम ठरहकी के रविदास भवन में पंखों का वितरण किया। मनोज कुमार ने बताया कि गर्मी के मौसम में क्षेत्र का दौरा करते समय उन्होंने देखा कि इन स्थानों पर पंखों की व्यवस्था नहीं थी। सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। इसी समस्या के समाधान के लिए उन्होंने पंखों की व्यवस्था की। कार्यक्रम में डॉ रविंद्र सिंह, सोहनवीर सिंह, सुनील कुमार, अनित, अंकुर सहित कई लोग मौजूद रहे।

# विधायक ने किया मार्ग के नवीनीकरण का लोकार्पण

## जनता दरबार लगाकर सुनी क्षेत्र वासियों की समस्याएं

**अमन लेखनी समाचार**




अमौली, फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद विधानसभा के विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने कल मकरंदपुर मोड़ से रिठवां तक 11 किलोमीटर लंबे क्षतिग्रस्त मार्ग का नवीनीकरण करने हेतु लोकार्पण किया नजदीकी जनपद हमीरपुर जाने के लिए यह एक मुख्य मार्ग है जहां गौरी चौराहा होते हुए रिठवां तथा मकरंदपुर आदि गांव की रास्ता पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त थी क्षेत्रीय विधायक ने लगभग 11 किलोमीटर लंबे मार्ग के मरम्मत एवं नवीनीकरण हेतु लोकार्पण किया लोकार्पण के साथ-साथ क्षेत्रीय विधायक में क्षेत्र वासियों के साथ मिलकर बरगद पीपल आम जामुन आदि छायादार वृक्षों का भी रोपण किया कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक में अपने संबोधन में सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का विस्तृत बखान किया वहीं जनता दरबार में पहुंचे लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं का बखान किया

**10 वर्षों से लगे बिजली खंभे देख रहे सरकार व्यवस्था**

जनता दरबार में चांदपुर विद्युत उपकेंद्र अंतर्गत आने वाले गांव रिठवां के ग्रामीणों ने भारी आक्रोश जताते हुए क्षेत्रीय विधायक से बताया कि लगभग 10 वर्ष पूर्व विद्युत विभाग द्वारा गांव में खंबे लगाए गए थे जिनमें न तो तार है और आज तक विद्युत प्रवाहित नहीं की गई गांव में लगे खंभे एक सफेद हाथी की तरह दिख रहे हैं वही क्षेत्र के गांव मदरी निवासी निहारिका सचान में अपने पति के इलाज हेतु आयुष्मान कार्ड बनवाने की आर्थिक सहित सहायता की मांग की जनता दरबार में पहुंचे क्षेत्र के अन्य गांव जैसे गोविंदपुर बिलारी मकरंदपुर भाजीताला आदि के ग्रामीणों ने भी बिजली विभाग पर अपना अपना प्रहार किया क्षेत्रीय विधायक ने मौके पर ही विद्युत विभाग के अवर अभियंता समेत अन्य उच्च अधिकारियों से फोन पर वार्ता करते हुए जल्द ही समस्याओं का निस्तारण करने का आदेश दिया इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन कर रहे भारतीय जनता पार्टी के अमौली मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता डॉक्टर रामभक्त वर्मा चांदपुर ग्राम प्रधान शिव शंकर सिंह तोमर निर्माण खंड 2 अवर अभियंता डी के आर्या सहायक अभियंता संतोष कनौजिया राजकुमार निषाद गोली सिंह ज्ञानेंद्र सिंह पवन सिंह समेत भारी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे

# विद्यालय मर्ज होने पर ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर लगाए निराधार आरोप

## प्रधान की छवि खराब करने का प्रयास कर खण्ड विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अमन लेखनी समाचार**




बिंदकी, फतेहपुर। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुसार वर्तमान सत्र में कम संख्या वाले छात्रों के विद्यालय नजदीकी विद्यालयों में समायोजित किये जा रहे हैं जहां जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय खानपुर कदीम को नजदीकी प्राथमिक विद्यालय भवराजपुर में मर्ज किया गया आपत्ति को लेकर विगत 1 जुलाई को स्वयं ग्राम प्रधान संजय सिंह उमराव ने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए बताया था कि विद्यालय को नजदीकी विद्यालय में मर्ज किया गया है जहां बच्चों के आने-जाने में भारी समस्याओं का सामना अभिभावकों को करना पड़ेगा ग्राम प्रधान ने खंड विकास अधिकारी से अपील की थी कि विद्यालय को समाहित ना करके यथा स्थिति बनाकर रखा जाए जिससे बच्चों की शिक्षा में प्रभाव न पड़े वही आगामी ग्राम पंचायत चुनाव की राजनीति के तहत मनगढ़ंत कहानी बनाकर ग्रामीण रोहित कुमार प्रदीप कुमार रामू आदि लोगों ने खंड विकास अधिकारी को पुनः विज्ञापन सौंपते हुए विद्यालय के मर्ज होने पर ग्राम प्रधान की अहम भूमिका बताई वहीं कुछ ग्रामीणों ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि ग्राम प्रधान एक सरल स्वभाव के व्यक्ति हैं विद्यालय के मर्ज होने की अधिसूचना प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाई गई महिम के अंतर्गत की गई है जिसके आधार पर विद्यालय को नजदीकी प्राथमिक विद्यालय भवराजपुर में मर्ज किया जा रहा है इस मामले पर ग्राम प्रधान का कोई तालुकात नहीं है वहीं उच्च अधिकारियों ने भी बताया कि यह शिक्षा विभाग का मामला है जहां शिक्षा विभाग सरकार के नियमों का पालन कर रही है इस पर व्यक्तिगत रूप से किसी भी व्यक्ति का कोई उत्तरदायित्व नहीं है

# शिव महापुराण कथा श्रवण करने से मिलता है बैकुंठ - पण्डित धर्मदत्त अवस्थी

**अमन लेखनी समाचार**



फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत गांव देवरी बुजुर्ग में चल रही सप्त दिवसीय शिव महापुराण कथा के पंचम दिवस में कथा व्यास पंडित धर्म दत्त अवस्थी ने व्यास मंच से भक्तों को कथा श्रवण कराते हुए बताया कि संपूर्ण वर्ष में श्रावण मास व्रत एवं पुण्य दान समेत भक्ति भावना में विलीन होने के लिए उत्तम मास है इस पावन मास में भगवान शिव की पावन कथा सुनने वाला भक्त सीधे बैकुंठ को प्राप्त करता है कथा व्यास ने भक्तों को बताया जिस व्यक्ति के अंदर ईश्वर के प्रति प्रेम जागृत है वह अत्यंत भाग्यशाली है विशेष रूप से कलयुग में ईश्वर के प्रति जिज्ञासा रखना तथा धर्म ग्रंथो का चिंतन करना एक कठोर तपस्या बन चुका है इस मार्ग से विजय प्राप्त करते हुए गुजरने वाला व्यक्ति भगवान के शाश्वत धाम को प्राप्त करता है कथा व्यास ने भक्तों को शिव महापुराण की महिमा का विस्तृत वर्णन सुनाया वहीं देर शाम कथा विराम होने पर महा आरती संपन्न हुई तथा सभी भक्तों ने महाप्रसाद को ग्रहण कर पुण्य प्राप्त किया

# नगर पालिका कार्यालय पर ओआरएस कार्नर की स्थापना

- नगर पालिका चेयरमैन फात्मा रजा ने किया उद्घाटन
- पीएसआई इंडिया व केनव्यू अभियान में कर रहे सहयोग

**अमन लेखनी समाचार**



बदायूं। जनपद में आगामी 31 जुलाई तक चलने वाले डायरिया रोको अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद कार्यालय पर स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में ओआरएस कार्नर की स्थापना की गयी है, जिसका उद्घाटन बुधवार को नगर पालिका चेयरमैन फात्मा रजा ने किया। इस मौके पर नगर पालिका चेयरमैन फात्मा रजा कहा कि भीषण गर्मी और बारिश के दौरान डायरिया के मामले बढ़ जाते हैं। डायरिया का सही इलाज ओआरएस का घोल और जिंक के टेबलेट हैं, जिन्हें उम्र के अनुसार निश्चित अवधि तक लेना बहुत जरूरी होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिले में 16 जून से 31 जुलाई तक डायरिया रोको अभियान चलाया जा रहा है। डायरिया रोको अभियान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू भी सहयोग कर रहे हैं। अभियान की इस साल की थीम- डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान तय की गयी है। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों में डायरिया की रोकथाम, ओआरएस व जिंक के उपयोग को प्रोत्साहन और जनसामान्य में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है। डायरिया रोको अभियान के प्रभावी संचालन एवं अधिक से अधिक जनसामान्य तक स्वास्थ्य सन्देश पहुंचाने के लिए प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर ओआरएस व जिंक कार्नर स्थापित किये जा रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका कार्यालय के प्रमुख स्थान पर यह कार्नर स्थापित किया गया है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस बारे में जागरूक हो सकें। उन्होंने कहा कि बच्चे को दिन भर में तीन या तीन से अधिक बार दस्त हो तो समझना चाहिए कि बच्चा डायरिया से ग्रसित है और ऐसे में उसको तत्काल ओआरएस का घोल देना चाहिए ताकि शरीर में पानी और नमक की कमी न होने पाए, साथ ही निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर सम्पर्क करना चाहिए। इस मौके पर कार्यालय अधीक्षक खालिद अली, मुख्य खाद्य निरीक्षक मो. तैयब अली, खाद्य निरीक्षक केशव गंगवार, लिपिक नावेद इकबाल गनी, सचिन सक्सेना, सूर्य प्रकाश सक्सेना, महेश बाबू, जहांगीर बाबू, सुमित सिंह, शहजाद सलीम, पैरोकार मनोज कुमार, सुरेंद्र कुमार, गौशाला प्रभारी राकेश सोनकर तथा पीएसआई इंडिया से शशांक दुबे और दानिश वर आदि मौजूद रहे।

# स्कूल में दिव्यांग छात्र से मारपीट

**दो छात्रों ने की पिटाई और आंख पर किया हमला, प्रिंसिपल ने स्कूल छोड़ने को कहा**

**अमन लेखनी समाचार**



बागपत, सिसाना गांव स्थित सिविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय में एक दिव्यांग छात्र के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। स्कूल के दो छात्रों ने दिव्यांग छात्र की पिटाई की और उसकी आंख पर हमला किया। घटना की सूचना पर पीड़ित छात्र के परिजन स्थानीय लोगों के साथ स्कूल पहुंचे। उन्होंने दोषी छात्रों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि प्रिंसिपल ने शिकायत पर कार्रवाई करने से मना कर दिया। प्रिंसिपल ने उलटे दिव्यांग छात्र को ही स्कूल छोड़ने की बात कह दी। विरोध प्रदर्शन बढ़ने पर प्रिंसिपल ने अपना रुख बदला। उन्होंने भविष्य में ऐसी घटना न होने का आश्वासन दिया। पीड़ित छात्र के पिता धर्मेंद्र ने बताया कि दोनों आरोपी छात्र झगड़ालू प्रवृत्ति के हैं। वे पहले भी कई छात्रों से मारपीट कर चुके हैं। पीड़ित के पिता ने बताया कि दोनों छात्र उनके दिव्यांग बेटे को लगातार परेशान करते हैं। इस कारण उनका बेटा स्कूल जाने से डरता है। पिता लोकेंद्र ने चेतावनी दी है कि अगर भविष्य में ऐसी घटना दोहराई गई या स्कूल प्रशासन लापरवाही बरतेगा, तो वे पुलिस में शिकायत करेंगे।

# थार से लोगों को कुचलने की कोशिश

- सड़क पर लापरवाही से ड्राइव करने का किया स्टंट, पुलिस ने जांच शुरू की

**अमन लेखनी समाचार**



नोएडा, नोएडा में बारिश के बीच व्यस्त सड़क पर अजीबोगरीब तरीके से थार चलाकर लोगों की जान जोखिम में डालने का वीडियो सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ है। यूजर ने वायरल वीडियो में नोएडा पुलिस के अधिकारियों को टैग कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। वीडियो सेक्टर-125 स्थित एक यूनिवर्सिटी के आसपास का बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर 11 सेकेंड का एक वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में दिख रहा है कि व्यस्त सड़क पर थार गाड़ी तेजी से गुजर रही है। चालक इसे बेतरतीब तरीके से चला रहा है। बारिश होने के कारण लोग छाता लेकर सड़क पार कर रहे हैं। कई युवतियां भी सड़क किनारे ऑटो का इंतजार कर रही हैं। ऐसे में लापरवाही से वाहन चलाने के कारण कई लोगों की जिंदगी खतरे में पड़ सकती थी। काले रंग की थार का नंबर भी पीछे से नहीं दिख रहा है। सेक्टर-126 पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। यह पता लगाया जा रहा है कि वीडियो कहां का है और थार को कौन चला रहा था। दो दिन पहले ही यूनिवर्सिटी के आसपास पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर अभियान चलाया गया था। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर छह गाड़ियों का चालान हुआ था और दो गाड़ी सीज हुई थी।

# निवेश का झांसा देकर ठगे 31.47 लाख

## चार साइबर फ्राड के खिलाफ मुकदमा, फेसबुक पर आई थी फ्रेंड रिक्वेस्ट

**अमन लेखनी समाचार**



नोएडा, साइबर अपराधियों ने निवेश पर मुनाफा कमाने का झांसा देकर आयुर्वेद योगशाला के रजिस्ट्रार के साथ 31.47 लाख रुपए की ठगी कर ली। इस मामले में साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने विदेशी महिला समेत चार तथाकथित आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है, उन खातों की जानकारी जुटाई जा रही है। कासना थाना क्षेत्र के सेक्टर चाई-5 में रहने वाले राजीव कुमार सैनी ने बताया कि इसी साल मार्च महीने में उनके फेसबुक पर अजीनिया रोडनोवा नाम की महिला की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। पहले से महिला से पहचान न होने के बावजूद राजीव ने दोस्ती के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। दोनों ओर से मैसेंजर पर बातचीत शुरू हो गई। महिला ने निवेश संबंधी कई लुभावने ऑफर की जानकारी दी। मोबाइल नंबर का आदान-प्रदान हुआ। 12 मार्च को शिकायतकर्ता के वॉट्सऐप पर अजीनिया रोडनोवा का मैसेज आया। उसने निवेश के लिए अमेरिका के शादिया मेकमेनस से परिचय कराया। बताया गया कि निवेश संबंधी प्रशिक्षण अब शादिया द्वारा ही दिया जाएगा। इसके बाद शादिया ने शिकायतकर्ता को एक ग्रुप पर जोड़ दिया। इस ग्रुप पर पहले से 55 सदस्य थे। ज्यादातर सदस्य शादिया के कहने पर निवेश करने पर हुए मुनाफे का स्क्रीनशॉट ग्रुप पर साझा कर रहे थे। अचानक से पुराने ग्रुप को डिलीट कर दिया गया और नया ग्रुप बना दिया गया। ठगों ने इसके पीछे की यह वजह बताई कि उनके ऑफर की जानकारी लीक हो गई थी। बाहरी लोग इसका लाभ उठा सकते थे। नए ग्रुप में शिकायतकर्ता समेत कुल 18 लोग बचे।

इसके बाद ठगों ने शिकायतकर्ता के मोबाइल पर लिंक भेजकर ऐप इंस्टॉल कराई। लिंक पर क्लिक करते ही शिकायतकर्ता का ट्रेडिंग खाता खुल गया। इसके बाद शादिया के कहने पर शिकायतकर्ता ने दस हजार रुपए का निवेश किया। इस पर उसे मुनाफा हुआ है। मुनाफे समेत रकम निकालने की अनुमति भी दी गई। झांसे में आने के बाद शिकायतकर्ता ने पांच से अधिक बार में ठगों द्वारा बताई गई कंपनी और एजेंसी में 31 लाख 47 हजार रुपए का निवेश कर दिया।

# आईटीआई में लगा रोजगार मेला

**465 अभ्यर्थी हुए शामिल, 109 को मिला रोजगार, 22 कंपनियां हुई शामिल**

**अमन लेखनी समाचार**




नोएडा, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तत्वाधान में राजकीय आईटीआई नोएडा सेक्टर 31 निठारी में हाई स्कूल, इंटरमीडिएट एवं आईटीआई पास युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य से रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपालकृष्ण अग्रवाल, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी विद्यनाथ शुक्ल ने किया। मिशन के जिला समन्वक पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि रोजगार मेले में समस्त राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से किसी भी ट्रेड में आईटीआई पास, दसवीं एवं 12वीं पास अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में 22 प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा उपस्थित होकर युवाओं का रोजगार के लिए साक्षात्कार लिया गया। रोजगार मेले में 465 युवाओं ने उपस्थित होकर रोजगार मेले का लाभ उठाया, जिसमें से 109 युवाओं का चयन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी विद्यनाथ शुक्ल ने चयन होने वाले अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित कर उनको शुभकामनाएं प्रेषित की। साथ ही डीएम ने उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अधिकारियों से कहा कि समय-समय पर इस तरह के रोजगार मेलों का आयोजन कराया जाए, ताकि अधिक से अधिक बेरोजगार युवकों को रोजगार प्राप्त हो सके।

# महिला सशक्तिकरण का उत्सव

**एहसास महिला समिति के हर-तीज मेले में महिलाओं के हस्तनिर्मित उत्पादों की धूम**

**अमन लेखनी समाचार**



मोदीनगर, दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित छतरी वाला मंदिर परिसर में एहसास महिला समिति का दो दिवसीय हर-तीज मेला संपन्न हुआ। मेले का उद्घाटन मोदीनगर की विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने किया। मेला परिणीता परियोजना के तहत आयोजित किया गया।

इसका मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार और भारतीय संस्कृति का उत्सव था। महिलाओं ने अपने घरेलू उत्पाद, परिधान, सजावटी वस्तुएं और खाद्य सामग्री का प्रदर्शन किया। मेले में विभिन्न आकर्षण के केंद्र रहे। इनमें मेहंदी स्टॉल, पारंपरिक झूले, ढोल-नगाड़े शामिल थे। नृत्य प्रतियोगिता, महिला तीज क्विज और खान-पान के स्टॉल ने लोगों का ध्यान खींचा। कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। नगर पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली, थाना प्रभारी नरेश शर्मा, समाजसेवी चानन लाल ढींगरा और शिक्षा जगत से जुड़ी हस्तियां मौजूद रहीं। सभी अतिथियों को टीम परिणीता ने पटका पहनाकर सम्मानित किया। एहसास महिला समिति की संयोजिका अनुप्रीत कौर ने कहा कि मेले का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार और रचनात्मकता का मंच देना है। परिणीता प्रोजेक्ट की इंचार्ज सृष्टि गौड़ ने बताया कि यह आयोजन महिलाओं के आत्मविश्वास और सामाजिक सशक्तिकरण का प्रतीक है।

# फीस विवाद पर अभिभावकों और विद्यालय प्रबंधन के बीच बैठक

- छात्रों की हूटिंग के बाद पुलिस बुलाई, प्रबंधन ने कहा- फीस के बराबर रसीद मिलेगी

**अमन लेखनी समाचार**



बुलंदशहर, जहांगीराबाद के शिव कुमार अग्रवाल जनता इंटर कॉलेज में फीस विवाद को लेकर अभिभावकों और विद्यालय प्रबंधन के बीच बैठक हुई। बैठक के दौरान कुछ छात्रों ने प्रधानाचार्य कार्यालय के बाहर हंगामा किया। इस पर स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को बुलाना पड़ा। प्रधानाचार्य सीपी अग्रवाल ने अभिभावकों को आश्वासन दिया कि जितनी फीस ली जाएगी, उतनी ही राशि की रसीद दी जाएगी। उन्होंने कहा कि छात्र ऑनलाइन माध्यम से भी फीस जमा कर सकते हैं। इससे उनके पास भुगतान का रिकॉर्ड भी रहेगा। बैठक में अधिकतर अभिभावकों ने विद्यालय की व्यवस्था की सराहना की। एक अभिभावक ने बताया कि उनकी बेटी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग ले चुकी है और स्कूल ने कभी अतिरिक्त शुल्क नहीं मांगा। कोतवाली प्रभारी रामफल सिंह ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। कुछ लोगों ने इस बैठक को असफल करार दिया है। सोशल मीडिया पर मंगलवार को दोबारा वार्ता के संकेत दिए गए हैं।

## बिना मान्यता चल रहे स्कूल

अमन लेखनी समाचार

महोबा शासन का बिना मान्यता वाले विद्यालयों पर कठोर कार्रवाई का आदेश है। लेकिन यह आदेश जनपद में हवा-हवाई साबित हो रहा है। बिना मान्यता के चल रहे विद्यालयों पर प्रभावी कार्रवाई न होने से प्रत्येक शिक्षा सत्र में नये विद्यालय खुल जाते हैं। जिले में ऐसे विद्यालय बिना मान्यता के बेरोकटोक चल रहे हैं महोबा जिले में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी तादात में बिना मान्यता प्राप्त स्कूलों का संचालन हो रहा है। साल दर साल ऐसे स्कूलों की संख्या लगातार बढ़ती रहती है। लेकिन सब कुछ जानते हुए भी अधिकारी खामोश रहते हैं। अधिकारियों की खामोशी विद्यार्थियों के भविष्य पर भारी पड़ सकती है। जिले से लेकर कस्बे में विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। इसमें प्राथमिक स्तर के विद्यालयों की संख्या सबसे अधिक है। शिक्षा सत्र शुरू होते ही शहर से लेकर गांव तक नए स्कूल खोलने की होड़ लग जाती है।

# सिविल सर्जन ने किया डायरिया रोको अभियान का शुभारम्भ

## शून्य से पांच साल तक के बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाना प्राथमिकता : सिविल सर्जन

अमन लेखनी समाचार



दरभंगा बिहार 16 जुलाई। जिले में मंगलवार को डायरिया रोको अभियान का शुभारम्भ किया गया। बहादुरपुर प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अभियान का शुभारम्भ करते हुए सिविल सर्जन डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि शून्य से पांच साल तक के बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता में शामिल है। अभियान के तहत जिले में शून्य से पांच साल तक के सभी बच्चों को आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर ओआरएस के पैकेट और जिंक की गोलियां उपलब्ध कराएंगी।

सिविज सर्जन ने इस मौके पर शून्य से पांच साल तक के कुछ बच्चों को ओआरएस के पैकेट और जिंक की गोलियां प्रदान की और उनकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि बच्चे को दिन भर में तीन या तीन से अधिक बार दस्त हो तो समझना चाहिए कि बच्चा डायरिया से ग्रसित है और ऐसे में उसको तत्काल ओआरएस का घोल देना चाहिए ताकि शरीर में पानी की कमी न होने पाए। उन्होंने बताया कि डायरिया रोको अभियान के तहत स्वास्थ्य कर्मियों की बैठकों में डायरिया से जुड़े प्रमुख संदेशों पर प्राथमिकता से चर्चा की जाएगी। बैठक में बताया जाएगा कि दस्त के दौरान बच्चों को तरल पदार्थ दिया जाए, दस्त होने पर बच्चों को उम्र के अनुसार 14 दिनों तक जिंक की गोली अवश्य दी जाए, स्वच्छ पेयजल का उपयोग किया जाए और खाना बनाने से पूर्व, परोसने से पूर्व और खाना खिलाने से पूर्व और बच्चों का मल साफ करने के बाद हाथों को साबुन-पानी से अच्छी तरह से अवश्य धुलें। सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से ह्लडायरिया से डर नहींह्व कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके तहत स्वास्थ्य केंद्रों पर ओआरएस और जिंक कॉर्नर बनाए गए हैं और दीवार लेखन के माध्यम से भी लोगों को डायरिया के प्रति जागरूक किया जा रहा है। फ्रंट लाइन वर्कर का डायरिया के बारे में अभिमुखीकरण भी किया जा रहा है।

### प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी :

डायरिया के प्रति जन जागरूकता के लिए मंगलवार को ही सिविल सर्जन डॉ. अरुण कुमार ने प्रचार वाहन को भी रवाना किया। यह प्रचार वाहन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर समुदाय को शून्य से पांच साल तक के बच्चों में डायरिया के लक्षण, कारण और बचाव आदि के बारे में प्रचार-प्रसार करेंगे। डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि शून्य से पांच साल तक के बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाने के लिए जन जागरूकता बहुत जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए डायरिया के प्रति जागरूकता सम्बन्धी संदेशों वाले पोस्टर-बैनर व पम्पलेट से सुसज्जित यह प्रचार वाहन जन-जन तक डायरिया से डरने नहीं बल्कि सतर्क रहने का संदेश पहुंचाएंगे। यह प्रचार वाहन पीएसआई इंडिया और केनव्यू के सहयोग से संचालित किए जायेंगे। इसके साथ ही सिविल सर्जन ने डायरिया के प्रति जागरूकता के लिए हस्ताक्षर अभियान का भी शुभारंभ किया। इस मौके पर डीपीएम शैलेश चंद्रा, डीसीएम रवि कुमार, संस्थान के प्रभारी डॉ. तारिक मंजर, बीएचएम रेवती रमण, बीसीएम मनोज कुमार, पीएसआई इंडिया से संजय तरुण, अखिलेश एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# कांवड़ यात्रा पर निकले जत्थे, बुधवार को जल लेकर लौटें



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सावन माह में कांवड़ियों के जत्थे मलिहाबाद क्षेत्र के ग्राम गोंदा मोअज्जम नगर से उन्नाव परियार घाट के लिए रवाना हो गए हैं। जत्थों की रवानगी के समय उत्साह दिखाई दिया। डीजे की धुन और ढोल की थाप पर आगे बढ़े और भगवान शिव की जयजयकार सुनाई दी। इस दौरान क्षेत्र में पुलिस-प्रशासन द्वारा चौकसी बरती गई। सावन माह में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए उत्साहित कांवड़िये रवाना हुए हैं। यह जत्थे परियार घाट बिठूर के लिए निकले। इस बार यात्रा को हरी झंडी मिली है जिसके कारण श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह दिख रहा है। शेखर पासवान, टाइगर, मिथुन, पवन मौर्य, अजय, विजय, शुभम मौर्य, साहिल, शर्मा डॉ. आकाश मौर्य सहित भारी संख्या में श्रद्धालु निजी साधन से भगवान शिव का जयघोष करते हुए यात्रा पर निकले। जिसके बाद यह जत्थे बुधवार देर रात तक जल लेकर वापस लौटें और मंदिर में जलाभिषेक किया।

# डीएम ने योजनाओं की समीक्षा कर लम्बित प्रकरणों के शीघ्र ही निस्तारण के दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार

महोबा। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण इकाई, वन स्टॉप सेन्टर, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, चाइल्ड हेल्पलाइन, रानी लक्ष्मीबाई महिला बाल सम्मान कोष योजना एवं अन्य विभागीय बैठक आहूत की गई ह्ल जिसमें डीएम द्वारा उपरोक्त योजनाओं की समीक्षा करते हुए विभागीय योजनाओं के कियावन्यन एवं संचालन में आ रही कठिनाइयों के निवारण हेतु बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियो को निर्देश दिये गये एवं लम्बित प्रकरणों के शीघ्र ही निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला अभियोजन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला कीडा अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, जिला बाल संरक्षण इकाई, वन स्टाप सेन्टर, चाइल्ड हेल्पलाइन आदि अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

# 18 जुलाई तक भारी वर्षा एवं आंधी तूफान के साथ वज्रपात होने की संभावना

अमन लेखनी समाचार

महोबा। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत मौसम विज्ञान विभाग के द्वारा एलर्ट जारी किया गया है कि 16 जुलाई से 18 जुलाई को भारी वर्षा होने एवं आंधी तूफान के साथ वज्रपात होने की संभावना है। जनसाधारण को बचाव हेतु जिलाधिकारी द्वारा एडवाइजरी जारी किया गया है कि पशु हानि से बचाव हेतु खराब मौसम के दौरान पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर बांधे , पेड़ के नीचे ,टीन शेड के नीचे न बांधे। पशुओं को चरही के लिए न छोड़ें, क्योंकि पशु भी स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ों के नीचे छिपते हैं जो सुरक्षित नहीं है। खराब मौसम में कोई भी व्यक्ति घर से बाहर न निकलें, छिपने के लिए सुरक्षित स्थान के रूप में पक्के मकान का ही प्रयोग करें, पेड़ के नीचे न छिपे, जंगली क्षेत्र में छोटे पेड़ के नीचे छिपे, पैर के नीचे सुखी लकड़ी, पत्ते रखें।

# प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया था मासूम ने, रोशनी ने मंगवाया था मीट-शराब

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कैसरबाग खंदारी बाजार में छह साल की बेटी सोना की हत्या करने वाली रोशनी को पुलिस ने उसके प्रेमी उदित के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पूछताछ में आरोपियों ने चौंकाने वाला खुलासा किया है।इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्र के मुताबिक रविवार को सोना ने ब्लूटूथ स्पीकर को घर में कहीं छिपा दिया था। इसको लेकर रोशनी ने उसकी पिटाई कर दी थी। सोना रोते-राते सो गई थी।

इंस्पेक्टर ने बताया कि सोना के सो जाने के बाद रोशनी ने प्रेमी उदित को फोन किया था। फोन पर उसने हुसैनगंज निवासी उदित से शराब और मीट लाने के लिए कहा था। उदित के पहुंचने पर दोनों ने पार्टी की थी। थोड़ी देर बाद सोना की नींद खुल गई। वह अपने कमरे से बाहर निकली तो उदित और रोशनी आपत्तिजनक हालत में थे।





### पापा को बता देगी, इस डर से हत्या

पश्चिमी जोन के कैसरबाग थाने की ओर से जारी प्रेस नोट के मुताबिक सोना ने दोनों को ऐसी हालत में देखकर कहा था कि वह पापा को यह सब बताएगी। यह सुनकर दोनों आरोपी गुस्सा गए और शाहरूख को उनकी हरकतों का पता न चले, इसके लिए सोना की हत्या कर दी। इसके बाद भी दोनों ने शव के बगल में संबंध बनाए। इस दौरान दोनों ने हत्या में शाहरूख को फंसाने की साचिश रची।

### शव को ठिकाने लगाने के लिए कई जगह की रेकी

हत्या के बाद शव को ठिकाने लगाने के लिए आरोपियों ने सोमवार को कई जगह रेकी की। दोनों सबसे पहले सदर बाजार गए। इसके बाद इंदिरा डैम और फिर हनुमंत धाम पहुंचे। आरोपी नदी में सोना का शव फेंककर साक्ष्य मिटाना चाहते थे। हालांकि, पकड़े जाने के डर से वे ऐसा कर नहीं पाए। इसके बाद दोनों ने हुसैनगंज के एक होटल में कमरा बुक कराया और वहां पर पार्टी की। होटल में नशा करने के बाद दोनों ने पुलिस को फोन कर शाहरूख पर हत्या का इल्जाम लगाने का प्लान किया। सोमवार की रात में रोशनी घर पहुंची। इस बीच शव से बदबू आने लगी थी। रोशनी ने रात करीब तीन बजे पुलिस को फोन कर हत्या की जानकारी दी।

### सीसीटीवी फुटेज ने खोला राज

इंस्पेक्टर ने बताया कि सर्विलांस की मदद से दोनों की लोकेशन निकलवाई गई तो वह हुसैनगंज के होटल की निकली। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। शक होने पर दोनों से अलग अलग पूछताछ की गई। उदित ने वारदात में शामिल होने की बात कबूल कर ली। उदित ने बताया कि उसने सोना का मुंह दबाया था, जबकि रोशनी उसके सीने पर चढ़ कर बैठ गई थी। थोड़ी ही देर में सोना ने दम तोड़ दिया था।

# प्राथमिक विद्यालय चाँदो में एक दिवसीय योग शिविर का किया आयोजन




अमन लेखनी समाचार

महोबा। योग वेलनेस सेंटर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के योग प्रशिक्षक सचिन गुप्ता एवं योग सहायक गिरीश कुमारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय चाँदो में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें विद्यालय के बच्चों को विभिन्न प्रकार की यौगिक क्रियाओं से अवगत कराया गया। योग शिविर का शुभारंभ ओंकार एवं प्रार्थना से किया गया। उसके बाद स्कूली बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कई प्रकार के सूक्ष्म अभ्यास, आसन, प्राणायाम आदि का अभ्यास कराया गया। योगाभ्यास में ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, वृक्षासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, पादहस्तासन, मेरूवक्रासन, नौका संचालन, रज्जुकर्षण , चक्की चालन, शशांकासन, मंडूकासन, उष्ट्रासन, भुजंगासन, बालासन, मकरासन आदि आसनों के साथ - साथ कपालभाति, भस्त्रिका प्राणायाम, अनुलोम विलोम प्राणायाम, शीतली प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम आदि की क्रियाविधि एवं उनसे होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। योगाचार्य सचिन गुप्ता ने कहा कि योग के द्वारा व्यक्ति का शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास होता है, योग को अपनी दिनचर्या में जरूर शामिल करें। योग शिविर में प्रधानाध्यापिका प्रार्थना गुप्ता के साथ शिक्षिकाएं सरोज कुमारी, वीना सोनी, सरिता सक्सैना एवं छाया राजपूत उपस्थित रहीं।

# कजली महोत्सव के उद्घाटन के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता को दिया गया निमंत्रण

अमन लेखनी समाचार



महोबा। आल्हा परिषद के अध्यक्ष शरद तिवारी दाऊ ने भारत सरकार की वरिष्ठ अधिवक्ता एवं बार काउंसिल ऑफ इंडिया की अनुशासन समिति सदस्य सीमा पटनाहा सिंह को ऐतिहासिक कजली महोत्सव के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित होने का औपचारिक निमंत्रण दिया। यह महोत्सव आगामी 10 से 17 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा ह्ल जिसमें आल्हा मंच के संस्कृति कार्यक्रमों का विशेष महत्व होता है। इस अवसर पर शरद तिवारी ने सीमा पटनाहा सिंह को तिरंगा स्कार्फ भेंटकर सम्मानित किया और बुंदेलखंड क्षेत्र के सामाजिक एवं विकास संबंधी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। सीमा पटनाहा ने आश्वासन दिया कि कजली महोत्सव को राजकीय अथवा राष्ट्रीय मेले का दर्जा दिलाने एवं इसे पर्यटन मानचित्र पर स्थापित कराने के लिए हर संभव प्रयास करेंगी। उन्होंने महोत्सव में शामिल होकर आम जनता से आशीर्वाद लेने की इच्छा भी व्यक्त की। गौरतलब है कि कजली महोत्सव जनपद की संस्कृति और गौरवशाली इतिहास को दशार्ने वाला प्रमुख आयोजन है जिसमें न केवल देश भर से बल्कि विदेशों से भी बड़ी संख्या में लोग सम्मिलित होते हैं। आल्हा मंच पर होने वाले लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम लोगों को बुंदेली विरासत से सीधे जोड़ते हैं।

# प्रचार वाहनों के जरिए डायरिया के प्रति लाएंगे जन जागरूकता

**सीएमओ ने दिखाई हरी झंडी, कहा- बच्चों को डायरिया से बचाने के लिए जागरूकता जरूरी**

**31 जुलाई तक चलने वाले डायरिया रोको अभियान में पीएसआई इंडिया व केनव्यू कर रहे सहयोग**



अमन लेखनी समाचार

बदायूं, 16 जुलाई। डायरिया के प्रति जन जागरूकता के लिए मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामेश्वर मिश्रा ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से प्रचार वाहनों को रवाना किया। यह प्रचार वाहन जिले के विभिन्न क्षेत्रों खासकर मलिन बस्तियों में पहुंचकर समुदाय को शून्य से पांच साल तक के बच्चों में डायरिया के लक्षण, कारण और बचाव आदि के बारे में प्रचार-प्रसार करेंगे। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि शून्य से पांच साल तक के बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाने के लिए जनजागरूकता बहुत जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए डायरिया के प्रति जागरूकता सम्बन्धी संदेशों वाले पोस्टर-बैनर से सुसज्जित यह प्रचार वाहन जन-जन तक डायरिया से डरने नहीं बल्कि सतर्क रहने का सन्देश पहुंचाएंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि जिले में 16 जून से 31 जुलाई तक डायरिया रोको अभियान चलाया जा रहा है। डायरिया रोको अभियान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू भी ह्लडायरिया से डर नहींह्व कार्यक्रम के माध्यम से सहयोग कर रहे हैं। अभियान की इस साल की थीम-ह्लडायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यानह्व तय की गयी है। अभियान का उद्देश्य बच्चों में डायरिया की रोकथाम, ओआरएस व जिंक के उपयोग को प्रोत्साहन और समुदाय में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी का कहना है कि बारिश और उमस में बच्चा डायरिया की चपेट में कई कारणों से आ सकता है, जैसे- दूषित जल पीने से, दूषित हाथों से भोजन बनाने या बच्चे को खाना खिलाने, खुले में शौच करने या बच्चों के मल का ठीक से निस्तारण न करने आदि से।

# तरंग महिला कल्याण समिति द्वारा प्रर्दशित की गयी मोबाईल रिपेरिंग की प्रर्दशनी

अमन लेखनी समाचार

महोबा। उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना व जिला सेवायोजन कार्यालय में संयुक्त रूप से विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी द्वारा किया गया ह्ल साथ ही कार्यक्रम का शुभारम्भ उ0प्र0 कौशल विकास योजनान्तर्गत प्रोजेक्ट प्रवीण राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज महोबा के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा वन्दना गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार द्वारा की गई। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथियों के साथ प्रर्दशनी का अवलोकन किया गया। प्रर्दशनी में दीन दयाल ग्रामीण कौशल्य योजना के प्रशिक्षण प्रदाता आपरोटेक टेक्नॉलाजी द्वारा सोलर प्रयोग की प्रर्दशनी प्रर्दशित की गई एवं तरंग महिला कल्याण समिति द्वारा मोबाईल रिपेरिंग की प्रर्दशनी प्रर्दशित की गई व राजकीय आई0टी0आई के प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा फैशन डिजाइन, स्विंग टैक्नॉलाजी व राजकीय आई0टी0आई चरखारी, राजकीय आई0टी0आई खरेला के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा फिटर ट्रेड, मैकेनिकल ट्रेड, इलैक्ट्रिकल से सम्बन्धित मॉडल प्रर्दशनी का प्रर्दशन किया गया। साथ ही राजकीय पॉलीटेक्निक के इलेक्ट्रीकल इंजीनियर व मैकेनिकल इंजीनियर के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा मॉडल प्रर्दशनी का प्रर्दशन किया गया। मुख्य अतिथियों एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के प्रचार-प्रसार हेतु लघु फिल्म का एंव उ0प्र0 कौशल विकास मिशन की उपलब्धियों के वीडियों का अवलोकन किया गया। विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथियों एवं मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा जनपद की उपलब्धियों एवं भविष्य की संभावनाओं के बारे में कार्यक्रम में सम्मिलित युवाओं के विचारों को सुना व समझा गया। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य एवं आई0टी0आई0 से प्रशिक्षण प्राप्त युवतियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली प्रतियोगिता का प्रस्तुतिकरण किया गया। उ0प्र0 कौशल विकास मिशन व राजकीय आई0टी0आई0 द्वारा सेवायोजित कुल सर्वश्रेष्ठ 11 को कौशल यूथ आईकन सम्मान दिया गया। इस सम्मान के तहत सर्वश्रेष्ठ 11 को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष मोहन लाल कुशवाहा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, शिव कुमार गोस्वामी पूर्व प्रधानाचार्य डी0ए0वी0 एवं समाज सेवी, आकांक्षा बाजपेई जिला समन्वयक एवं जिला सेवायोजन अधिकारी, अभिषेक मिश्रा नोडल प्रधानाचार्य रा0आई0टी0आई0 द्वारा वितरित किया गया।

# सांसद ने 2017 में किला खोलने की शुरू की थी मुहिम, प्रशासनिक अड़चन से लटका रहा मामला

अमन लेखनी समाचार

महोबा। पर्यटन के जरिए बुन्देलखण्ड के खजुराहो जैसा गांव आज विश्व मानचित्र पर दर्ज है। उत्तराखण्ड का विभाजन होने पर उत्तर प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों की खोज प्रदेश सरकार की रही जिसमें प्रदेश सरकार की निगाह सबसे पहले बुन्देलखण्ड के ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए बुन्देलखण्ड में पर्यटन विकास की खोज की जो प्रक्रिया शुरू हुई वह आज भी जारी है। पर्यटन विकास में जनपद में तमाम ऐसी धरोहरें हैं जो विदेशी और देशी सैलानियों को आकर्षित करने की क्षमता रखती हैं लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार से पहले किसी सरकार ने बुन्देलखण्ड और विशेष तौर पर महोबा चरखारी कुलपहाड़ बेलाताल के ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों से मुंह मोड़े रखा। जनपद में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए महत्वपूर्ण स्थल हैं जिसमें महाराजा छत्रसाल के वंशजों द्वारा निर्मित ऐतिहासिक मंगलगढ़ किला इसकी सुरक्षा पद्धति, बनावट, सुरक्षा उपकरण, सुरक्षा चहारदीवारी किले पर स्थित धार्मिक महत्व के मंदिर तालाब किले की विशालता ऐसे आयाम हैं जो देशी और विदेशी पर्यटकों को प्रभावित करने वाले हो सकते हैं। मंगलगढ़ किला वर्ष 1996 से सेना के अधीन रहा जिससे पर्यटन विकास की हर संभावना क्षीण होती देख 2017 में हमीरपुर महोबा तिंदवारी से सांसद कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल ने इसे सेना से मुक्त कराए जाने के लिए प्रयास शुरू किया। उन्होने बताया कि 14 मार्च 2017, 11 फरवरी 2019, 3 फरवरी 2020 में उनके द्वारा सदन में चरखारी कि ले को खोलने के लिये सदन के माध्यम से भारत सरकार से बार बार आग्रह किया गया। दस सालों में हर वर्ष अनेक प्रयास जारी रखते हुए डीआरडीओ चैयरमैन से भी वार्ता की रक्षामंत्री राजनाथ सिंह डिफेंस सिक्रेटरी जीओआई सभी से वार्ता करते हुए अपने प्रयास जारी रखे। उन्होंने बताया कि भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ही पहली बार किला खुलवाने का आश्वासन दिया था और उनके सहयोग से ही किला पर्यटकों के लिए खोला गया है। बताते चलें कि वर्ष 2020 में चरखारी के पं. दीनदयाल उपाध्याय उद्यान में आयोजित एक कार्यक्रम में उनके द्वारा संक्षिप्त जानकारी स्थानीय लोगों को दी थी लेकिन स्पष्टवादी व्यक्तित्व के धनी पुष्पेन्द्र चंदेल ने यह कहा था कि उनका प्रयास तो जारी है लेकिन प्रशासनिक अड़ंगा कुछ अड़चन पैदा कर सकता है

# आगामी कजरी मेला महोत्सव मनाने के लिए हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार

महोबा। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में महोबा के ऐतिहासिक कजली मेला का 10.08.2025 से 17.08.2024 तक 1 सप्ताह आयोजन किए जाने के संबंध में बैठक संपन्न हुई ।जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित साहित्यकारों एवं गणमान्य नागरिकों से कहा कि जनपद की सांस्कृतिक विरासत एवं ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को संरक्षित रखने तथा जनपद वासियों को इसके संबंध में पूर्ण जानकारी दिलाए जाने के संबंध में तथा परंपरागत कजरी महोत्सव के अंतर्गत इस कजली मेला का आयोजन किया जाएगा ।उन्होंने कहा कि महोबा में आल्हा ऊदल की ऐतिहासिक कर्मभूमि एवं अनेकों ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर हैं



जिनके बारे में लोगों को जानकारी दिलाए जाने हेतु कजरी महोत्सव कार्यक्रम में प्रतिदिन किसी न किसी रूप से कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को इसके बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया जाएगा ।इसके साथ ही कजरी महोत्सव में अन्य सांस्कृतिक दलों व विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के कार्यक्रम तथा अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन गुणवत्तायुक्त एवं सुंदर तरीके से कराया जाएगा, जिससे कि लोगों को स्वच्छ एवं बेहतर मनोरंजन के साथ ही उनके ज्ञान में जनपद की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संबंध में वृद्धि हो सके ।उन्होंने कजरी महोत्सव समिति के सदस्यों को कजरी महोत्सव के आयोजन के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने तथा आयोजित कराए जाने वाले कार्यक्रमों की प्रतिदिन के अनुसार कार्यक्रमों का विवरण एवं सूची बनाते हुए प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, जिससे कि इन कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया जा सके। उन्होंने समिति के सदस्यों एवं गणमान्य लोगों से 15 दिन में कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में सुझाव भी प्रस्तुत करने की अपेक्षा व्यक्त की है। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका महोबा को निर्देशित करते हुए कहा कि वाहन पार्किंग के लिए ठेका वसूली की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए और उन्होंने कहा कि रूट डाइवर्जन की तैयारी पहले से की जाए तथा विकास प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाए तथा जनपद की धरोहरों के बारे में भी लोगों को बताया जाए। उन्होंने कहा कि दुकानें आवंटित करने के लिए की ई-लॉटरी व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश , अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, मुख्य चिकित्सकारी डॉ आशाराम, समाजसेवी दाऊ तिवारी सहित कजली महोत्सव के आयोजन समिति के सदस्य तथा जिला स्तरीय अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



# रंगीन में दिखेगी धोखे और बदले की कहानी, जारी हुआ पहला पोस्टर

**मुंबई।** प्राइम वीडियो पर विनीत कुमार सिंह की अदाकारी वाली 'रंगीन' नाम की एक नई वेब सीरीज आ रही है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए प्लेटफॉर्म ने कैप्शन में लिखा है 'असली आंखें असली झूठ को महसूस कर लेती हैं।' 'अपनी पत्नी के विश्वासघात का पता चलने के बाद, एक सीधा-सादा पति बदला लेने के लिए अंतरंगता की दुनिया में जाता है। अपनी समझ से परे और अनजान, वह ऐसे अनुभवों से गुजरता है जिनमें वह खुद की खोज करता है।' इस सीरीज के नौ एपिसोड हैं जो 25 जुलाई से देखे जा सकते हैं। इससे पहले विनीत कुमार सिंह फिल्म 'छावा' में नजर आए थे।

## लाइफ Style

# प्रीति

## पुरुष एक्टर्स की मांग पर नहीं उठता सवाल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आठ घंटे की शूटिंग शिफ्ट की मांग को लेकर फिल्म इंडस्ट्री में बहस छिड़ गई है। इस मामले पर कई सेलेब्स ने अपने विचार साझा किए हैं। ऐसे में इस मामले पर अभिनेत्री और बिजनेसवुमन प्रीति झंगियानी ने दीपिका पादुकोण की आठ घंटे की शिफ्ट की मांग का समर्थन किया है।

आपको बता दें दीपिका पादुकोण ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट में काम करने के दौरान छह से आठ घंटे की ही शूटिंग करने की डिमांड रखी थी। इसकी वजह यह थी कि वह अपनी बेटी दुआ को भी समय देना चाहती थीं। उनकी इस मांग के बाद उन्हें फिल्म स्पिरिट से रिप्लेस कर दिया गया। उनकी जगह तृप्ति डिमरी को लिया गया। संदीप रेड्डी ने बाद में एक सोशल मीडिया पोस्ट भी की थी, जिसमें दीपिका को भला-बुरा कहा था। इसके बाद इस मामले पर कई सेलेब्स की प्रतिक्रिया आई। प्रीति झंगियानी ने कहा 'मुझे नहीं लगता कि आठ घंटे की शिफ्ट की मांग करना कुछ गलत है। खासकर जब कोई नई मां हो, तब तो यह एक बहुत ही जायज और समझदारी भरी मांग है। आठ घंटे की शिफ्ट दुनिया भर में स्टैंडर्ड मानी जाती है। मैं खुद एक्ट्रेस हूं और मैंने 13 से 14 घंटे तक की शिफ्ट्स की हैं। हमें फिल्म के लिए अपना सौ प्रतिशत देना होता है, यह हम जानते हैं। लेकिन जब पुरुष एक्टर्स छह बजे के बाद शूटिंग नहीं करते या समय से पहले पैकअप मांगते हैं, तो उस पर कोई सवाल नहीं उठता। फिर जब कोई महिला, खासकर एक्ट्रेस, अपने लिए एक सीमित वर्किंग टाइम की बात करती है, तो क्यों इतनी चर्चा और बहस होती है?'



## हॉलीवुड मसाला



# स्ट्रीट फाइटर में निभाएंगे भूमिका...

**लॉस एंजिल्स।** अपने एक्शन के लिए जाने जाने वाले अभिनेता विद्युत जामवाल अब हॉलीवुड फिल्म में अपनी एंट्री करने जा रहे हैं। लाइव-एक्शन फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' की स्टार कास्ट में शामिल हो गए हैं। यह एक प्रतिष्ठित वीडियो गेम फ्रैंचाइजी पर आधारित फिल्म है। विद्युत इसमें धालसिम के किरदार में नजर आएंगे। असल जीवन में मार्शल आर्ट में माहिर विद्युत जामवाल के इस फिल्म में आने से अब उनके फैंस काफी उत्साहित हैं। धालसिम का उनका किरदार एक चमत्कारी फायर ब्रीथिंग योगी है।




# हैरी पॉटर सीरीज का प्रोडक्शन शुरू, पहला लुक जारी...

**लॉस एंजिल्स।** हैरी पॉटर टीवी सीरीज का प्रोडक्शन शुरू हो चुका है। निर्माताओं ने अधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि की है। सोमवार को स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म एचबीओ मैक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अभिनेता डोमिनिक मैक्लॉघलिन की पहली तस्वीर शेयर कर इसकी जानकारी दी। तस्वीर में अभिनेता खास ड्रेस में हैरी पॉटर जैसे दिख रहे हैं। पहले लुक में देखा जा सकता है कि अभिनेता ने अपने हाथ में एक क्लैपबोर्ड लिया हुआ है। डोमिनिक मैकलॉघिन के ऊपर अब बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि वह उस भूमिका को निभाने जा रहे हैं, जिसे अभिनेता डैनियल रैडक्लिफ ने निभाया और दर्शकों का दिल जीता। तस्वीर में डोमिनिक, हॉगवट्र्स स्कूल की ड्रेस में खड़े नजर आ रहे हैं। इसके साथ उन्होंने हैरी पॉटर का गोल चश्मा पहना है।



# ऋतिक के साथ डांस करती दिखीं तृप्ति


**मुंबई।** इन दिनों बॉलीवुड में तृप्ति डिमरी चर्चा में हैं। जल्द ही एक्ट्रेस फिल्म 'धड़क 2' में नजर आएंगी। इसी फिल्म की चर्चा के बीच वह ऋतिक रोशन के साथ डांस करती नजर आईं। सोशल मीडिया पर ऋतिक और तृप्ति के डांस का वीडियो वायल हो रहा है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल है, उसमें तृप्ति डिमरी और ऋतिक रोशन कमाल के डांस मूव्स कर रहे हैं। ऋतिक ने व्हाइट टी-शर्ट और जैकेट पहनी है, वहीं तृप्ति भी व्हाइट टॉप में नजर आ रही हैं। एक सीन में तृप्ति के साथ ऋतिक डांस करते हुए दिखते हैं। फिर अगले सीन में तृप्ति अकेली डांस करती हैं। यूजर्स और ऋतिक, तृप्ति के फैंस जब ये वीडियो देखा तो जमकर रिएक्शन भी दिए हैं। कई फैंस ने तो अटकलें भी लगा ली कि दोनों फिल्म कृष की अगली फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं।



# कबीर बहिया ने शेयर की कृति संग फोटो

**मुंबई।** कृति सेनन का नाम पिछले कुछ वक्त से बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ जोड़ा जा रहा है। अक्सर दोनों कई मौकों पर साथ भी देखे गए। लेकिन दोनों में से किसी ने भी अपने रिश्ते को लेकर कुछ भी नहीं कहा। कृति कई इंटरव्यूज में खुद को सिंगल ही बताती रहीं। लेकिन, अब ऐसा लगता है कि दोनों अपने रिश्ते को आधिकारिक करने की सोच रहे हैं। क्योंकि, कबीर बहिया की हालिया स्टोरी तो कुछ ऐसा ही बयां करती है। भारत और इंग्लैंड के बीच इंग्लैंड के लॉर्ड्स में खेले गए टेस्ट मैच के पांचवें दिन कई बॉलीवुड सेलेब्स भी मैच देखने पहुंचे थे। इस दौरान अभिनेत्री कृति सेनन भी अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ इस मैच का लुत्फ उठाते दिखीं। दोनों की कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर सामने आईं।

## टीवी मसाला



# जेठालाल ने बिना डाइट-जिम के 45 दिनों में घटाया 16 किलो वजन

**नई दिल्ली।** दिलीप जोशी, जिन्हें फैंस जेठालाल के रोल में लंबे समय से चल रहे शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा से फैंस पहचानते हैं, जिसे फाफड़ा और जलेबी जैसे ऑयली स्नैक्स से खूब प्यार है। लेकिन, हाल ही में उन्होंने अपने वेट लॉस ट्रांसफॉर्मेशन से फैंस को हैरान कर दिया है। दरअसल, 57 वर्षीय एक्टर ने 16 किलो वजन केवल 45 दिनों में घटाया है। जबकि, हैरानी की बात यह है कि इसके लिए उन्होंने एक्सट्रीम डाइट या जिम में पसीना नहीं बहाया है। जबकि, सिंपल और ओल्ड स्कूल नियमों से वजन घटाया है। दिलीप जोशी ने अपनी सिंपल फिटनेस दिनचर्या को पूरी तरह से दौड़ने पर केंद्रित रखा। उन्हें प्रेरणा 1992 की गुजराती फिल्म 'हुन हुंशी हुंशीलाल' में एक वैज्ञानिक की भूमिका से मिली, जिसमें उन्होंने उस भूमिका को निभाया था। इस रोल को प्रभावशाली ढंग से निभाने के लिए, उन्हें अपना वजन कम करना पड़ा था। इसी वजह से उन्होंने रोजाना 45 मिनट दौड़ने का फैसला किया, जो जल्द ही उनकी जिंदगी बदल देने वाली आदत बन गई। इसी रुटीन की बदौलत डेढ महीने में 16 किलो वजन घटाया वो भी बिना किसी ट्रेनर, स्पेशल डाइट और सप्लिमेंट्स के।

## इन सीरियल्स के जरिए मशहूर हुई दीपिका




**नई दिल्ली।** दीपिका कक्कड़ ने टीवी पर कई सीरियल किए हैं, मगर उन्हें पहचान सीरियल 'ससुराल सिमर का' के जरिए मिली। अब दीपिका कक्कड़ के कॅरियर फ्रंट की बात करें तो इन दिनों हेल्थ इश्यूज के कारण वह काम नहीं कर पा रही हैं। सीरियल्स में नजर नहीं आ रही हैं। मगर वह यूट्यूब पर अपना लाइफस्टाइल व्लॉग चैनल चलाती हैं। इस व्लॉग में अपनी जिंदगी की हर छोटी-बड़ी बात को साझा करती हैं। अपनी हेल्थ प्रॉब्लम को भी इसी प्लेटफॉर्म के जरिए दीपिका कक्कड़ ने फैंस के साथ साझा किया था। एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ इन दिनों जिंदगी के मुश्किल दौर से गुजर रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की लीवर कैंसर की सर्जरी हुई। वह इस सर्जरी के बाद ठीक हो ही रही हैं, इसी बीच ब्रेस्ट कैंसर से जुड़ा एक टेस्ट भी करवाया है। दीपिका कक्कड़ कहती हैं, 'मेरी लीवर कैंसर की सर्जरी को लगभग डेढ़ महीना हो गया है। हां, हमने मैमोग्राफी भी की थी, क्योंकि लिम्फ नोड्स थे, तब डॉ. श्वेता ने कहा था कि सेफ्टी के लिए हमें इस टेस्ट को तीन महीने में दोबारा करवाना चाहिए।

# ओटीटी पर इस हफ्ते धमाल मचाएंगी हॉरर-कॉमेडी से भरपूर ये फिल्में-सीरीज

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते सिनेमा के तीसरे पर्दे ओटीटी पर ढेरों फिल्में और सीरीज होती हैं। इस कड़ी में इस हफ्ते भी ओटीटी पर कई फिल्में और सीरीज होने जा रही है। जुलाई का आधा महीना खत्म हो चुका है और अब अगले आधे महीने में बड़ी-बड़ी फिल्में भी सिनेमाघरों में रिलीज होंगी, जिसमें अजय देवगन की सन ऑफ सरदार 2 भी शामिल हैं। लेकिन, इससे पहले बात करेंगे इस हफ्ते ओटीटी पर धमाल मचाने आ रहीं उन फिल्मों और सीरीज की, जिसका आप फैमिली संग लुत्फ उठा सकते हैं।

**द समर आई टर्न्ड प्रिटी** : अमेरिकी रोमांटिक टीवी सीरीज द समर आई टर्न्ड प्रिटी का तीसरा सीजन आगामी 16 जुलाई को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने जा रहा है। सीरीज की कहानी बेली और उसकी मां पर बेस्ड है, जिसमें जैकी चुंग, क्रिस्टोफर ब्रिनी, लोला तुंग और रेचल ब्लैंचर्ड जैसे स्टार नजर आएंगे।

**अनटैम्ड** : अगर आपको मर्डर मिस्ट्री फिल्में और सीरीज पसंद हैं तो इस हफ्ते आपके लिए अनटैम्ड बेहतर ऑप्शन है। यह 17 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी. योसेमाइट नेशनल पार्क पर बेस्ड यह अमेरिकी मर्डर मिस्ट्री सीरीज है, जिसमें एरिक बाना और सैम नील लीड रोल में हैं।



**स्पेशल ऑप्स 2** : हिंदी ऑडियंस के लिए इस हफ्ते केके मेनन की मच अवेटेड सीरीज स्पेशल ऑप्स 2 रिलीज होने जा रही है। इसे आप 18 जुलाई को जियो हॉटस्टार भी देख सकते हैं। पहले यह सीरीज बीती 11 जुलाई को रिलीज होनी थी।

**कुबेर** : साउथ सिनेमा से धनुष, नागार्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म कुबेर अब थिएटर से उतकर ओटीटी पर आ रही है। बीती 20 जून को रिलीज हुई फिल्म कुबेर ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर 18 जुलाई को आ रही है।

**द भूतनी** : हॉरर-कॉमेडी फिल्मों के शौकीन के लिए फिल्म द भूतनी ओटीटी पर आने को तैयार है। संजय दत्त और मौनी रॉय स्टारर फिल्म द भूतनी को आप 18 जुलाई से जी5 पर देख सकते हैं।

# नई पारी शुरू करने जा रहीं श्वेता तिलोत्तमा के साथ मिलाया हाथ

**मुंबई।** वेब सीरीज 'मिर्जापुर' और फिल्म 'मसान' में बेहतरीन अदाकारी करने वाली अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अब नई पारी शुरू करने के लिए तेयार हैं। वह जल्द ही प्रोडक्शन में डेब्यू करेंगी। वह अपनी पहली फीचर फिल्म 'मुझे जान ना कहो मेरी जान' का प्रोडक्शन करने जा रही हैं। इसके लिए उन्होंने 'पाताल लोक' की अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम के साथ हाथ मिलाया है। वैरायटी के मुताबिक फिल्म में विचित्र प्रेम कहानी दिखाई जाएगी और इसमें तिलोत्तमा शोम के साथ श्वेता त्रिपाठी भी होंगी। वैरायटी के मुताबिक श्वेता त्रिपाठी ने कहा 'यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। इसलिए नहीं कि बतौर प्रोड्यूसर यह मेरी पहली फिल्म है बल्कि इसकी कहानी की वजह से।' उन्होंने आगे कहा 'प्रेम कहानियां बहुत ही ईमानदारी, खूबसूरती और सूक्ष्मता से बताई जानी चाहिए। चूंकि, इस फिल्म में तिलोत्तमा शोम हैं, इसलिए यह और खास है। वह ना सिर्फ एक बेहतरीन



अभिनेत्री हैं बल्कि वह ऐसी इंसान हैं जिन पर मैं बहुत भरोसा करती हूं। लंबे समय से मैं चाहती थी कि हम साथ में काम करें। उनके बगैर मैं इस प्रोजेक्ट को शुरू नहीं कर सकती।' फिल्म में तिलोत्तमा शोम अहम किरदार निभाएंगी। इसका निर्देशन नेशनल अवॉर्ड जीतने वाले फिल्ममेकर संजय नाग करेंगे।

## पौराणिक धारावाहिकों की परंपरा और संस्कृति हमारी आत्मा पर छोड़ती है गहरी छाप

# ओम नमः शिवाय के सेट पर धीरज कुमार ने बैन कर दी थी सिगरेट

*नई दिल्ली। फिल्म डायरेक्टर और प्रोड्यूसर धीरज कुमार अब नहीं रहे। उनका 79 की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने 15 जुलाई को कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में अंतिम सांस ली। ये कौन थे और इन्होंने किन फिल्मों और टीवी शोज को अमर बनाया, आइए जानते हैं। साथ ही पत्नी और बच्चों के बारे में बताते हैं।*



### खुद की शुरू की थी प्रोडक्शन कंपनी

धीरज कुमार का असल नाम धीरज कोचर था। वह एक भारतीय एक्टर, टीवी प्रोड्यूसर और डायरेक्टर थे। उन्होंने 1986 में क्रिएटिव आई लिमिटेड नाम की टीवी प्रोडक्शन कंपनी शुरू की थी। उन्होंने कई बॉलीवुड और पंजाबी फिल्मों में काम किया था।

### टीवी शोज और फिल्में

धीरज कुमार का जन्म 1 अक्टूबर 1944 को हुआ था। इन्होंने 2003 में दूरदर्शन पर प्रसारित हुए घर संसार धारावाहिक में अमर का किरदार निभाया था। लेकिन, इसके पहले उन्होंने ओम नमः शिवाय, श्री गणेश, मिली, हमारी बहू तुलसी, मायका, जय मां वैष्णो, ये प्यार न होगा कम, गणेश लीला, नीम नीम शहद शहद, इश्क सुभान अल्लाह जैसे तमाम टीवी शोज को डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया है। धीरज कुमार ने बहारों फूल बरसाओ, हीरा पन्ना, रोटी कपड़ा और मकान, शिरडी के साईं बाबा, मांग भरो सजना, पुराना मंदिर, कर्म युद्ध, क्रांति, बेपनाह जैसी हिंदी फिल्मों में काम किया। इसके अलावा वह फौजी, शेर पुत्तर, सेठी मुराद, चोरन न मोर जैसी पंजाबी फिल्मों में दिखाई दिए थे।

### पत्नी और बच्चे

धीरज कुमार की शादी जूबी कोचर से हुई थी। उनके दो बच्चे हैं, बेटे का नाम सिद्धांत और बेटी का नाम सिमरन है। धीरज कुमार ने 1996 में आए ओम नमः शिवाय को बनाया था। उन्होंने बताया था कि इसके लिए उन्होंने 9 साल रिसर्च की थी। 1987 में ही उन्होंने इस शो बनाने के लिए शोध शुरू कर दिया था। कई नामी लेखकों के साथ मिलकर इसे तैयार किया था।



### 43 फिल्मों में किया था काम

धीरज कुमार ने 2008 में बताया था कि उन्होंने 43 फिल्मों में काम किया है। जिसमें से 19 पंजाबी हैं। उसमे उन्होंने लीड रोल प्ले किया था। उन्होंने कहा था कि वह 12 एनिमेशन फिल्में बनाने की प्लानिंग कर रहे थे। पहली फिल्म में सालभर का वक्त लगेगा। अब उन्होंने बनाई या नहीं, इसकी जानकारी मौजूद नहीं।

### सेट पर बनाए थे सख्त नियम

धीरज कुमार ने बताया था वह और उनकी पत्नी ओम नमः शिवाय की प्रोड्यूसर थीं। जब वह सेट पर थे तो भगवान शिव के प्रति अपना सम्मान दिखाने के लिए सभी लोग कुछ नियम का पालन करते थे। वो लोग सात्विक भोजन करते थे और वहां स्मोकिंग बैन थी। धीरज कुमार ने बताया था कि वह जिस स्टूडियो में शूटिंग करते थे। वहां भगवान शिव की मूर्ति स्थापित की थी। उनकी जगह कभी बदली नहीं गई। शूटिंग करने से पहले रोजाना उनके सामने पूजा करते और फिर काम शुरू करते थे।

### लिम्का बुक में दर्ज है नाम

मां वैष्णो देवी शो बनाने पर धीरज कुमार ने 2008 में एक इंटरव्यू में बताया था, ऐसे पौराणिक धारावाहिकों की परंपरा और संस्कृति हमारी आत्मा पर गहरी छाप छोड़ती है। हमने 4500 घंटे का प्रोग्राम बनाया है, जिसमें से 700 घंटे तो सिर्फ मैथोलॉजिकल शोज पर ही बनाए हैं। हमारा नाम लिम्बा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज है।